
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 209 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, शुक्रवार 07 फरवरी 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



जिस प्रकार अंधकार और प्रकाश दोनों इस धरती पर है, वैसे ही धर्म और अधर्म भी इस धरती पर है।

Observance and non-observance of religion both exit on this earth like light and darkness.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के शरीर का कण-कण और जीवन का क्षण-क्षण धर्म, संस्कृति और राष्ट्र को समर्पित रहा : अमित शाह


# केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह चंद्रगिरी तीर्थक्षेत्र डोंगरगढ़ में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के 'प्रथम समाधि स्मृति महोत्सव' में शामिल हुए















### अमित शाह ने आचार्य श्री विद्यासागर जी की समाधि स्थली के दर्शन किये

### आचार्य जी ने भारतीय भाषाओं के संवर्धन, देश के गौरव का विश्वभर में प्रसार और देश की पहचान 'इंडिया' की बजाय 'भारत' से होने पर जोर दिया

### जी-20 सम्मेलन के निमंत्रण पत्र पर 'प्राइम मिनिस्टर ऑफ भारत' लिख कर, मोदी जी ने विद्यासागर जी के विचारों को जमीन पर उतारने का काम किया

**चंद्रगिरी तीर्थक्षेत्र डोंगरगढ़ (विश्व परिवार)।** दिनांक 06 फरवरी 2025 गुरुवार को दोपहर 1 बजे केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह, छत्तीसगढ़ के मुख्य मंत्री श्री विष्णुदेव साय, उपमुख्य मंत्री श्री विजय शर्मा, राज्य मंत्री श्री नवीन जैन, छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री श्री ओ. पी. चौधरी एवं राजनांदगांव सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरी अतिशय महातीर्थ क्षेत्र में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी की समाधि स्थली के दर्शन किये। वहां श्री शाह ने 108 अष्टधातु से निर्मित आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी के चरण चिन्ह का लोकार्पण किया एवं वहाँ बनने वाले समाधि स्मारक का भूमि पूजन कर शिला स्थापित की। तत्पश्चात मंच पर पहुंचकर उपस्थित मुनि संघ एवं आर्यिका संघ के दर्शन कर श्रीफल समर्पित किया। अतिथियों का पगड़ी पहनाकर व माला पहनाकर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। आचार्य श्री के चित्र वाले 100 रूपए के सिक्के का विमोचन किया गया। आचार्य श्री के नाम एवं चित्र वाला स्पेशल कवर डाक लिफाफे का विमोचन किया गया। एलक धैर्य सागर महाराज जी द्वारा रचित अंतर्यात्री महायात्रा नामक पुस्तक का विमोचन किया गया। निर्यापक श्रमण श्री समतासागर महाराज जी द्वारा रचित समाधि संबोधन नामक पुस्तक का विमोचन किया गया। डिजिटल माध्यम से प्रतिभास्थली विद्योदय ज्ञानपीठ रोजगारोन्मुखी नि:शुल्क कन्या विद्यालय, कारोपानी, डिंडोरी मध्य प्रदेश का लोकार्पण किया। जहाँ छात्राओं को पढाई के साथ – साथ रोजगार की शिक्षा नि:शुल्क प्रदान की जाएगी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने उदबोधन में कहा की आज युगपुरुष को, इश्वर तुल्य महापुरुष के कार्यों को कर्यांजलि देने का दिन है। यह मेरा परम सौभाग्य है की मुझे संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी का पहले 5 बार दर्शन प्राप्त हुए हैं और उनसे विभिन्न विषयो पर काफी चर्चायें भी हुई है। उन्होंने हमेशा सबसे पहले अपने देश की प्रगति के बारे में अपने विचार रखे हैं। उनका व्यक्तित्व इनता प्रभावकारी है की जिससे संयम और त्याग के भाव स्वत: ही होता है। उनका सम्पूर्ण जीवन त्याग, तपस्या और संयम के साथ व्यतित हुआ।









आचार्य श्री जैनाचार्य ही नही बल्कि युगपुरुष थे उन्होंने नये विचारों के साथ युग का परिवर्तन किया ऐसा उनका जीवन था उपरोक्त विचार भारत के गृहमंत्री अमितशाह ने डोंगरगढ़ की वह पवित्र भूमी जिसे आचार्य गुरुदेव विद्यासागर जी महाराज ने अपनी समाधि के लिये चुना उनकी समाधि के ठीक एक वर्ष बाद आयोजित विद्यायतन के भूमी पूजन एवं शिलान्यास समारोह में विनयांजलि देते हुये व्यक्त किये। उन्होंने लगभग 20 मिनट के उदवोधन में आचार्य गुरुदेव के द्वारा धर्म और संस्कृति की चर्चा करते हुये कहा कि यह उनकी तप साधना का ही प्रभाव है कि जब मै उनसे पहले मिला तो उनके चिंतन में देश की भाषा और संस्कृति की झलक मिलती थी उनका विचार था कि देश की सभी भाषाओं का सम्मान होना चाहिये उन्होने भारत को इंडिया नहीं भारत कहने पर जोर दिया तो हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी ने सबसे पहले उसे स्वीकार किया भारत की पहचान इंडिया नहीं भारत होना चाहिये उन्होंने कहा कि जब जी–20 का निमंत्रण विश्व भर में गया तो प्राईम मिनिस्टर आफ भारत के नाम से गया। उन्होने कहा भगवान महावीर के सिद्धांत अहिंसा परमोधर्म: के सिध्दांत को मात्र कहा ही नही उसको जिया भी है। उनके लाखों करोड़ो अनुयाई और भक्तों में से मै भी एक भक्त हूं और आज मै अपने आपको सौभाग्य शाली मानता हूं कि एक वर्ष बाद आयोजित स्मृति महोत्सव में उनको श्रदांजलि देने उपस्थित हुआ हूं।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं राज्यसभा सदस्य श्री नवीन जैन ने भी अपना उदबोधन दिया।

इस अवसर पर निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर महाराज ने प्रात:कालीन धर्म सभा में कहा कि गुरु के चरण इसलिये पूज्यनीय है उन चरणों का आचरण जीवन भर पूज्यनीय और आदर्शमय रहा है संपूर्ण भारत से आज अतिशय क्षेत्र चंद्रगिरी डोंगरगढ़ में भगवान चंद्र प्रभु और गुरुदेव आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज को अर्घ्य समर्पित करके सौभाग्यशाली समझ रहे है आप लोग यह मत समझना कि गुरुवर हमारे बीच में नहीं है, आप जहाँ – जहाँ भी नजर उठाकर देखोगे वही आपको गुरुवर के दर्शन मिलेंगे –मुनि श्री ने कहा कि गुरु की वह ऊर्जा समूचे देश के भक्तों को खींच कर लाई है एवं गुरुदेव के प्रकल्पों को संपन्न करने के लिये दिल का खजाना खोल रहे है क्योंकि वह मानते है कि हमारे खजाने में जो संपदा है वह हमारे गुरुदेव के आशीर्वाद का ही प्रतिफल है।

इस अवसर पर मुनि श्री पवित्रसागर जी, मुनि श्री आगमसागर जी, मुनि श्री पुनीत सागर जी, वरिष्ठ आर्यिका गुरुमति माताजी, आर्यिकारत्न दृणमति माताजी, आर्यिकारत्न आदर्श मति माताजी सहित सैकडों की संख्या में आर्यिका माताऐं तथा ऐलक श्री निश्चयसागर जी, ऐलक श्री धैर्यसागर जी, ऐलक श्री निजानंद सागर जी, ऐलक स्वागत सागर जी, क्षु. संयम सागर जी महाराज के साथ सैंकड़ों की संख्या में उदासीन आश्रम इंदौर, जबलपुर, सागर, से साधनारत ब्रहम्चारी एवं साधनारत प्रतिभास्थली की बहनें तथा हजारों की संख्या में अध्यन करने वाली छात्राऐं एवं भारत के प्रमुख नगरों से श्रावक श्राविकाऐं उपस्थित थी। इस अवसर पर ब्र. रेखा दीदी ने सम्वोधन दिया कार्यक्रम का संचालन श्री चंद्रकांत जैन ने किया। राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी, प्रचार प्रमुख निशांत जैन, सप्रेम जैन ने बताया प्रात:काल भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा निर्यापक मुनि श्री समता सागर महाराज के मुखारविंद से भारत के श्रावक श्रेष्ठी देश के भामाशाह श्री अशोक पाटनी, प्रभात जी मुम्बई के द्वारा संपन्न की गयी एवं मुनि श्री को पड़गाहन कर आहार देने का सौभाग्य भी मिला। प्रात:काल से ही समूचे भारत के श्रेष्ठी गण जिसमें अशोक जी पाटनी, प्रभातजी मुम्बई, राज्यसभा सदस्य नवीन जैन, सुधीर जैन दिल्ली, विद्यायतन के अध्यक्ष विनोद बड़जात्या, महामंत्री श्री निखिल जैन, श्री मनीष जैन, दीपेश जैन, अमित जैन, नरेश जैन, चंद्रगिरी तीर्थ क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष श्री किशोर जैन, सुभाष जैन, निर्मल जैन, विनोद जैन कोयला, नवीन जैन दिल्ली, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य प्रकाश मोदी भाटापारा, प्रदीप जैन विश्व परिवार आदि जैन समाज के गणमान्य उपस्थित थे। उक्त जानकारी **निशांत जैन (निशु)** द्वारा दी गई।

## भारत ने इंग्लैंड को 4 विकेट से पहला वनडे हराया



### शुभमन ने 87 रन बनाए, अक्षर-श्रेयस की फिफ्टी; जडेजा-हर्षित ने 3-3 विकेट लिए

**नागपुर (एजेंसी)।** भारत ने इंग्लैंड को पहला वनडे 4 विकेट से हरा दिया है। नागपुर के VCA स्टेडियम में इंग्लैंड ने बैटिंग चुनी, टीम 47.5 ओवर में 248 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत ने 38.4 ओवर में 6 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। दूसरा वनडे 9 फरवरी को कटक के बाराबाती स्टेडियम में खेला जाएगा।

भारत से शुभमन गिल ने 87, श्रेयस अय्यर ने 59 और अक्षर पटेल ने 52 रन बनाए। रवींद्र जडेजा और हर्षित राणा को 3–3 विकेट मिले। इंग्लैंड से जोस बटलर ने 52 और जैकब बेथेल ने 51 रन बनाए। आदिल रशीद और साकिब महमूद को 2–2 विकेट मिले।

## महतारी वंदन योजना की 12वीं किश्त की राशि हुई जारी

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ शासन की ओर से महतारी वंदन योजना की 12वीं किश्त की राशि जारी कर दी गई है। प्रदेश के 69 लाख 53 हजार 994 महिला हितग्राहियों के बैंक खातों में 650.32 करोड़ रुपए की राशि का अंतरण किया गया है।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार महतारी वंदना योजना के तहत फरवरी माह में बालोद जिले में 2,50,768 हितग्राहियों को 23.10 करोड़ रुपए, बलौदा बाजार जिले में 3,27,476 हितग्राहियों को 30.97 करोड़ रुपए और बलरामपुर जिले में 2,13,300 हितग्राहियों को 19.79 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की गई। इसी प्रकार बस्तर जिले में 1,91,609 हितग्राहियों को 18 करोड़ 87 हजार रुपए, बेमेतरा जिले में 2,52,906 हितग्राहियों को 23.96 करोड़ रुपए और बीजापुर जिले में 38,273 हितग्राहियों को 3.67 करोड़ रुपए की राशि का वितरण किया गया। बिलासपुर जिले में 4,22,741 हितग्राहियों को 39.54 करोड़ रुपए, दंतेवाड़ा जिले में 54,579 हितग्राहियों को 5.16 करोड़ रुपए और धमतरी जिले में 2,34,046 हितग्राहियों को 21.76 करोड़ रुपए की सहायता दी गई। दुर्ग जिले में 4,02,211 हितग्राहियों को 38.33 करोड़ रुपए और गरियाबंद जिले में 1,81,791 हितग्राहियों को 16.75 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले में 95,401 हितग्राहियों को 8.72 करोड़ रुपए की सहायता राशि मिली।



जांजगीर–चांपा जिले में 2,88,420 हितग्राहियों को 26.91 करोड़ रुपए, जशपुर जिले में 2,30,609 हितग्राहियों को 21.50 करोड़ रुपए और कबीरधाम जिले में 2,53,149 हितग्राहियों को 23.53 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। कांकेर जिले में 1,83,279 हितग्राहियों को 17.46 करोड़ रुपए, खैरागढ़–छुईखदान–गंडई जिले में 1,16,472 हितग्राहियों को 10.99 करोड़ रुपए, और कोंडागांव जिले में 1,39,784 हितग्राहियों को 13.08 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की गई। कोरबा जिले में 2,93,353 हितग्राहियों को 27.34 करोड़ रुपए, कोरिया जिले में 59,625 हितग्राहियों को 5.62 करोड़ रुपए और महासमुंद जिले में 3,22,519 हितग्राहियों को 30.11 करोड़ रुपए की राशि का वितरण हुआ।

## अवैध रूप से रहने वाले नागरिकों को वापस लेना सभी देशों का दायित्व : जयशंकर

### अमेरिका से भारतीयों की बेदखली पहली बार नहीं 16 सालों में 15,652 को वापस भेजा

**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** विरोध के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्यसभा में भारतीयों के निर्वासन मुद्दे पर अपना जवाब दिया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यह सभी देशों का दायित्व है कि यदि उनके नागरिक विदेश में अवैध रूप से रहते हुए पाए जाते हैं तो उन्हें वापस बुला लें। उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा निर्वासन का आयोजन और कार्यान्वयन आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) प्राधिकरण द्वारा किया जाता है। दुष्टश्च द्वारा उपयोग किए जाने वाले विमान द्वारा निर्वासन का स्हक जो 2012 से प्रभावी है, संयम के उपयोग का प्रावधान करता है। हमें आईसोई द्वारा सूचित किया गया है कि महिलाओं और बच्चों को रोका नहीं जा सकता है।



एस जयशंकर ने कहा कि हम अमेरिकी सरकार से यह सुनिश्चित करने के लिए बातचीत कर रहे हैं कि लौटने वाले निर्वासित लोगों के साथ किसी भी तरह का दुव्यवहार न हो। विपक्षी दलों के कई सांसदों ने अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे भारतीयों को वापस भेजने के तरीके को लेकर बृहस्पतिवार को सरकार की आलोचना की तथा प्रवासियों के साथ किए जा रहे व्यवहार पर सवाल उठाए। बुधवार को एक अमेरिकी सैन्य विमान 104 अवैध भारतीय प्रवासियों को लेकर अमृतसर पहुंचा। अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई के तहत डोनाल्ड ट्रंप सरकार द्वारा निर्वासित भारतीयों का यह पहला जत्था है। निर्वासित लोगों ने दावा किया कि पूरी यात्रा के दौरान उनके हाथ–पैरों में हथकड़ी लगी रही और अमृतसर हवाई अड्डे पर उतरने के बाद ही उन्हें खोला गया।

## काउंसिलिंग में बीएड डिग्रीधारी भी होंगे शामिल : हाईकोर्ट



**बिलासपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ में टीचर भर्ती विवाद पर हाईकोर्ट ने एक नया आदेश जारी किया है। इसमें डीएड अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए 10 फरवरी से होने वाली काउंसिलिंग में बीएड डिग्रीधारी उन अभ्यर्थियों को भी शामिल किया जाएगा, जिन्होंने अपनी डीएड डिप्लोमा का उल्लेख नहीं किया है। साथ ही मामले में राज्य शासन से चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेश पर डीएड अभ्यर्थियों की भर्ती करने के लिए पूर्व में शासन ने 2855 अभ्यर्थियों की लिस्ट हाईकोर्ट में पेश की थी। इस दौरान हाईकोर्ट ने शासन को आदेश का पालन करने के लिए 15 दिन का समय दिया था। साथ ही न्यायालय के आदेश का पालन नहीं करने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी थी। जिसके बाद राज्य शासन ने बीएड डिग्रीधारी शिक्षकों की सेवा समाप्ति करने का आदेश जारी किया है। साथ ही 10 फरवरी से डीएड अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए काउसिंलिंग करने का आदेश दिया है।



# भाजपा
म हे मोर
# विश्वास
हर नगर म हो ही
# विकास

## स्वास्थ्य

- हर निगम क्षेत्र में सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग केंद्र और सभी मरीज़ों को पहचान पत्र जारी।

## आवास

- PMAY-U के 3 लाख घर तेजी से पूरे होंगे, बिजली बिल और समेकित कर पटाने वालों को आवास बनाने की पात्रता।

## राजस्व

- नजूल भूमि के लिए नया कानून, सभी पट्टा धारकों को भू-स्वामी बनाएंगे।
- महिलाओं को प्रॉपर्टी टैक्स पर 25% छूट, समय पर भुगतान पर 10% अतिरिक्त छूट।
- हर नगर निकाय के व्यावसायिक केंद्रों में बिजली-पानी-सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं की गारंटी।
- समाधान योजना से बिना जुर्माना या ब्याज लगाए पुराने संपत्ति कर के लिए एकमुश्त निपटान।

## शहरी विकास

- स्ट्रीट वेंडर्स सशक्तिकरण के लिए पीएम स्वनिधि के माध्यम से ₹30,000 तक की सहायता। स्मार्ट वेंडिंग जोन, फूड स्ट्रीट्स की स्थापना।
- शासकीय जगहों पर सुव्यवस्थित पार्किंग का निर्माण।

# अटल विश्वास पत्र
नगरीय निकाय चुनाव
2025

हमने बनाया है
हम ही संवारेंगे

## महिला

- विद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्राओं को फ्री सैनिटरी नैपकिन।
- महतारी वंदन योजना के SHG लाभार्थियों को ₹2.5 लाख तक का ऋण एवं बर्तन बैंक की स्थापना।

## युवा एवं शिक्षा

- महापौर सम्मान निधि से यू.पी.एस.सी. मुख्य परीक्षा (MAINS) उत्तीर्ण छात्रों को ₹1 लाख।
- विद्यालयों और महाविद्यालयों में फ्री वाई-फाई।
- नालंदा परिसर पर आधारित सार्वजनिक अध्ययन केंद्र खुलेंगे और पुस्तकालयों में सीटें बढ़ेंगी।

## स्वच्छता

- बाजार क्षेत्रों में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट की व्यवस्था।
- हर घर को मिलेगा कचरा बाल्टी, रात्रिकालीन सफाई और स्मार्ट वेस्ट मॉनिटरिंग सिस्टम का निर्माण।
- तालाब के लिए प्रभावी प्रणाली स्थापना, एस.टी.पी. से जोड़ना।

## सेवा क्षेत्र

- 'माई सिटी ऐप' से सभी सेवाएं एक क्लिक पर।

## संस्कृति

- गोवंश संरक्षण और देखभाल के लिए गोकुल नगर का विस्तार।

## जल

- हर घर को स्वच्छ पानी और नए जल टैंक निर्माण व कुओं का संरक्षण।

पूरा मेनिफेस्टो पढ़ने के लिए स्कैन करें


कमल का बटन दबाएं — भाजपा को विजयी बनाएं

भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़

# नगर पंचायत भटगाँव में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का ताबड़ तोड जनसंपर्क अभियान

### मंत्री बोली भटगाँव में अध्यक्ष से लेकर सभी वार्डो में जीत भाजपा की ही होगी

**गोपाल सिंह विद्रोही**



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार)**-नगरीय निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने नगर पंचायत भटगांव के वार्ड क्रमांक 03,04,05,और 06 में डोर-टू-डोर सघन जनसंपर्क किया। उन्होंने जनता से संवाद स्थापित कर भाजपा की रीति-नीति एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और आगामी चुनाव में भाजपा को अपार बहुमत से विजयी बनाने की अपील की।

लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता हर नगर और हर परिवार का विकास है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन, पारदर्शिता और तेज़ विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि नगरीय निकायों में भाजपा प्रत्याशी विजयी होते हैं, तो प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी, जिससे शहरों और कस्बों का समग्र विकास होगा, बुनियादी सुविधाएं सुदृढ़ होंगी और केंद्र-राज्य-स्थानीय प्रशासन मिलकर जनकल्याणकारी योजनाओं को तीव्र गति देंगे।

भाजपा सरकार की योजनाएँ आमजन के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का संकल्प हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत अभियान, अमृत मिशन, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना, नल-जल योजना जैसे कार्यक्रमों ने जनता को सीधा लाभ पहुंचाया है। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने जो कार्य प्रारंभ किए हैं, उन्हें सफलतापूर्वक पूर्ण करने के लिए जनता को स्थानीय निकायों में भी भाजपा को बहुमत देना आवश्यक है।

इस अवसर पर नगर पंचायत भटगांव की भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी परमेश्वरी राजवाड़े भी उपस्थित थी

# बर्ड फ्लू नियंत्रण के निर्देशों का उल्लंघन, आठ होटलों पर 65 हजार का लगाया जुर्माना



**रायगढ़ (विश्व परिवार)।** बर्ड फ्लू नियंत्रण के तहत जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के तहत नगर निगम क्षेत्र में जांच दल द्वारा पोल्ट्री पदार्थों के विक्रय और उपयोग के संबंध में पोल्ट्री मार्केट और होटलों की औचक जांच की गई। चक्रधर नगर पोल्ट्री फार्म में कार्यरत सभी अधिकारी-कर्मचारियों के संक्रमण वायरल टेस्ट कराया गया। जिसका रिजल्ट नेगेटिव आया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा %इंफेक्टेड जोन% में डोर टू डोर संपर्क कर लोगों को सर्दी बुखार की स्थिति में तत्काल उपचार लेने की सलाह दी। नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने बताया कि शहर में आमंत्रण होटल, जानकी होटल, पंजाब होटल सहित 8 होटलों में औचक जांच में यहां चिकन पकाते पाया गया। इस पर इन होटलों पर कुल 65 हजार का जुर्माना लगाया गया और चिकन पकाने को बंद कराते हुए सभी होटल प्रबंधन को बर्ड फ्लू के लिए जारी दिशा-निर्देशों के अनिवार्य रूप से पालन करने की समझाईश दी गई। इसके साथ ही पोल्ट्री मार्केट की भी लगातार जांच जारी है। बर्ड फ्लू नियंत्रण प्रोटोकॉल के तहत पोल्ट्री फार्म में कार्यरत सभी अधिकारी-कर्मचारियों के सैंपल लिए गए थे।

# आदर्श आचार संहिता के दौरान कोलाहल नियंत्रण को लेकर कलेक्टर ने जारी किया आदेश

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार न्यूज़ )**- नगरीय निकाय/त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 अंतर्गत जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। नगरीय निकाय/त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 को दृष्टिगत रखते हुए आदर्श आचरण संहिता के पालन को सुनिश्चित करने हेतु छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, 1985 के अंतर्गत ध्वनि विस्तारक यंत्र (लाउड स्पीकर) के उपयोग के संबंध में जारी किये गये प्रतिबंधात्मक आदेश के संदर्भ में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए निर्वाचन संचालन हेतु वाहन, माईक, लाउड स्पीकर, पार्टी अथवा अभ्यर्थी व्दारा कार्यालय खोलने तथा सभा/ रैली इत्यादि हेतु एतद्द्दारा जिले से सर्व अनुविभागीय दण्डाधिकारी को अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत अनुमति प्रदान करने हेतु सक्षम प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। इस सम्बन्ध में कलेक्टर द्वारा आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा उक्त के सम्बन्ध में अनुमति कुछ शर्तों के अध्यधीन प्रदान कर सकेंगे । इन शर्तों में शामिल है कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग चुनाव प्रचार करने के लिए वाहनों पर एवं चुनावी सभाओं/प्रचार/जुलूस में प्रातः 06:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक ही किया जा सकेगा, किंतु ऐसे ध्वनि विस्तारक यंत्र साधारण किस्म के होंगे एवं मध्यम आवाज में ही प्रयोग किये जायेंगे। लोक परिशांति को दृष्टिगत रखते हुए लम्बे चोंगे वाले लाउड स्पीकरों का प्रयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जाता है। वाहनों एवं चुनावी सभाओं में एक से अधिक लाउड स्पीकर समूहों में लगाया जाना भी प्रतिबंधित किया जाता है। सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति से ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग किया जा सकेगा।

# ईवीएम डेमो से मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया की दी गई जानकारी

**अम्बिकापुर (विश्व परिवार)।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोसकर के नेतृत्व में नगरीय निकाय के मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से विभिन्न वार्डों में लगातार ईवीएम डेमो आयोजित किए जा रहे हैं। जिससे चुनाव पर्व के अवसर पर मतदाता मतदान करने में आसानी हो। बुधवार को वार्ड क्रमांक 25 से 30, तक के मतदाताओं को ईवीएम से मतदान के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रदर्शनी के दौरान मतदाताओं को बताया गया कि इस बार राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा ईव्हीएम से मतदान कराया जा रहा है। ईवीएम पर पहले महापौर पद के लिए सफेद लेबल में अपनी पसंद के अभ्यर्थी के सामने के बटन को दबाकर मतदान करें, पुष्टि के लिए बीप की छोटी आवाज आएगी। फिर पार्षद पद के लिए गुलाबी लेबल में अपनी पसंद के अभ्यर्थी के सामने के बटन को दबाकर मतदान करें, पुष्टि के लिए बीप की एक लंबी आवाज आएगी, जिससे आपका मतदान सम्पन्न होगा। ईवीएम डेमो के माध्यम से अलग-अलग वार्डों में मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग कर शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। 6 फरवरी को वार्ड क्रमांक 31 से 36, दिनांक 07 फरवरी को वार्ड क्रमांक 37 से 42 तथा दिनांक 08 फरवरी को वार्ड क्रमांक 43 से 48 में ईवीएम डेमो लगाई जाएगी।

# जप्त किया हुआ 25 लाख रुपए का गांजा व नशीली दवाओं को डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर के उपस्थित में किया गया नष्ट





**गोपाल सिंह विद्रोही**

सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार न्यूज़ )- को सूरजपुर जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस लाईन परिसर में अस्थायी भट्ठे में मादक पदार्थों को नष्ट किया गया। जिला स्तरीय औषधि निपटान समिति की देखरेख में यह कार्रवाई की गई। इस दौरान एनडीपीएस एक्ट के 14 प्रकरणों में जब्त 61.836 किलोग्राम गांजा, 404 नग इंजेक्शन, 6295 नग टेबलेट, 1438 नग कफ सिरप और 2004 नग कैप्सूल को नष्ट किया गया जिसकी अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रूपये है।

डीआईजी एवं एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि यह कार्रवाई केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय की 23 दिसंबर 2022 की अधिसूचना और छत्तीसगढ़ शासन के 21 नवंबर 2024 के निर्देशों के अनुसार की गई। नष्टीकरण की प्रक्रिया डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो और जिला आबकारी अधिकारी इन्द्रबली सिंह मरकण्डेय तथा क्षेत्रीय अधिकारी पर्यावरण संरक्षण मण्डल के पंचान भी मौजूद रहे।

कार्रवाई से पहले छत्तीसगढ़ पर्यावरण से ली अनुमति। कार्रवाई से पहले छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से अनुमति ली गई और सभी संबंधित विभागों व न्यायालय को सूचना दी गई। जिला पुलिस सूरजपुर ने युवाओं व नागरिकों को नशे से बचाने के लिए भविष्य में भी निरंतर मादक पदार्थों की तस्करी पर सख्त कार्यवाही करने के लिए दृढ़ संकलित है। इस दौरान रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, निरीक्षक जावेद मियादांद सहित पुलिस के अधिकारी व जवान मौजूद रहे।

# चोरी के 10 मोटर सायकल के साथ 2 अपचारी सहित 3 को पुलिस ने धर दबोचा

### बरामद मोटर सायकल की कीमत 12 लाख रूपये बताई जाती है

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )- )-** सतपता विश्रामपुर निवासी शिवशंकर रवि ने थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 23 जनवरी के रात्रि में अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 29 एजी 5917 से साधुराम सेवाकुंज सूरजपुर शादी कार्यक्रम में आया था वहीं परिसर में अपनी बाईक खड़ी कर शादी हाल में चला गया और वापस आया तो देखा कि मोटर सायकल वहां नहीं है कोई अज्ञात चोर मोटर सायकल को चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 56/2025 धारा 303(3), 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने चोरी के मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। थाना सूरजपुर पुलिस ने विवेचना के दौरान चोरी की मोटर सायकल को लावारिश हालत में स्टेडियम ग्राउण्ड से जप्त किया। विवेचना के दौरान प्रार्थी ने बताया कि




चोरी की मोटर सायकल को मानपुर का राजा सोनवानी चला रहा था, पुलिस टीम ने दबिश देकर राजा सोनवानी को पकड़ा।

पूछताछ पर उसने बताया कि अपने 2 विधि विरूद्ध संघर्षरत् बालक के साथ मिलकर प्रार्थी की मोटर सायकल को चोरी कर चला रहा था, इसके अलावा अच्छी कीमत वाली मोटर सायकल खासकर पल्सर बाईक की रेकी कर अम्बिकापुर से 2, अजिरमा से 1, नमदगिरी से 1, मानपुर से 1, शिवपार्क से 1, तुरियापारा से 1, चंदरपुर से 1 व स्टेडियम ग्राउण्ड से 2 मोटर सायकल कुल 10 मोटर सायकल को चोरी किये थे। आरोपियों के निशानदेही पर मोटर सायकलों को बरामद किया गया जिसकी कीमत करीब 12 लाख रूपये है। चोरी के अलावा मामले में बरामद मोटर सायकल चोरी का होने के पूर्ण अंदेशा पर धारा 35(1)(3) बीएनएसएस/303(2) बीएनएस के तहत इस्तगाशा के तहत भी कार्यवाही कर आरोपी राजा सोनवानी पिता नरेश सोनवानी उम्र 20 वर्ष निवासी मानपुर, थाना सूरजपुर को गिरफ्तार किया गया। वहीं मामले के 2 विधि विरूद्व संघर्षरत् बालकों को विधि अनुसार किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया है। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व सीएसपी एस.एस.पैंकरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, एएसआई विरेन्द्र यादव, संजय यादव, नंदलाल सिंह, प्रधान आरक्षक सुरेन्द्र सिंह, योगेन्द्र भगत, आरक्षक प्रेमसागर साहू, गणेश सिंह, रविराज पाण्डेय, कामेश्वर नेताम व महिला आरक्षक पदमावती सक्रिय रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### नाम वापिस के पश्चात् अभ्यर्थियों के नाम की सूची का हुआ प्रकाशन

#### सूरजपुर जिला में एक सौ बीस अभ्यर्थी जिला पंचायत सदस्य के लिए चुनावी मैदान डटे

**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार)-** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए अभ्यर्थियों के नाम वापिस लेने की अंतिम तिथि आज 6 फ़रवरी को नियत समय के पश्चात् अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन कर दिया गया । आज जिला पंचायत, जनपद पंचायत अंतर्गत संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा सूची का प्रकाशन किया गया एवं संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन किया गया। जिला पंचायत के लिए की गई संवीक्षा पश्चात अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है। कुल 136 अभ्यर्थियों में से क्षेत्र क्रमांक 1 से 2 सदस्य, क्षेत्र क्रमांक 2 से 2 सदस्य, क्षेत्र क्रमांक 3 से 3 सदस्य, क्षेत्र क्रमांक 5 से 1 सदस्य, क्षेत्र क्रमांक 7 से 2 सदस्य, क्षेत्र क्रमांक 8 से 2 सदस्य, क्षेत्र क्रमांक 10 से 01 सदस्य, क्षेत्र क्रमांक 13 से 02 सदस्य एवं क्षेत्र क्रमांक 14 से 1 सदस्य सहित कुल 16 सदस्यों द्वारा नाम वापिस लेने के पश्चात अब जिला पंचायत सदस्य के लिए कुल 120 अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन लड़ा जाएगा।

### नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए 11, 17 और 20 फरवरी मतदान दिवस पर की गई सार्वजनिक अवकाश

**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार न्यूज़)-** आम/उप निर्वाचन 2025 के कार्यक्रम अनुसार नगरपालिका क्षेत्रों में 11 फ़रवरी 2025 एवं त्रिस्तरीय पंचायतों में दिनांक 17, 20 एवं 23 फ़रवरी 2025 को मतदान संपन्न कराया जावेगा। सूरजपुर जिले के सम्पूर्ण नगरीय निर्वाचन क्षेत्र नगरपालिका/नगर पंचायत के संपूर्ण क्षेत्र में शासकीय संस्थानों / कार्यालयों के लिए मतदान दिनांक 11 फ़रवरी दिन मंगलवार एवं त्रिस्तरीय पंचायत हेतु मतदान दिनांक 17 फ़रवरी, दिन सोमवार को (ज.पं. क्षेत्र-सूरजपुर एवं भैयाथान हेतु), 20 फ़रवरी 2025 दिन गुरुवार को (ज.पं. क्षेत्र रामानुजनगर एवं प्रेमनगर हेतु) मतदान के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। गौरतलब है कि ज.पं. क्षेत्र ओड़गी एवं प्रतापपुर हेतु त्रिस्तरीय पंचायत के मतदान के लिए नियत तिथि 23 फ़रवरी 2025 रविवार, शासकीय अवकाश है।

### गुण्डा-बदमाशों का पुलिस ने निकाला जुलूस, भेजा जेल

**कवर्धा (विश्व परिवार)।** पुलिस अधीक्षक, कबीरधाम के निर्देशन एवं पुष्पेंद्र बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा पंकज पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में एवं भूपत सिंह, एसडीओपी पंडरिया के नेतृत्व में थाना कुकदुर पुलिस द्वारा एक शातिर गुण्डा बदमाश के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। प्रदेश में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर पूरे जिले में आदर्श आचार संहिता लागू है। चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस द्वारा निरंतर गश्त एवं पेट्रोलिंग की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस ने शातिर अपराधी शाकिर खान निवासी कुई, थाना कुकदुर पर शिकंजा कसते हुए उसे गिरफ्तार किया। शातिर अपराधी शाकिर खान कुछ माह पूर्व ही गांजा तस्करी के प्रकरण में जेल से छूटा था। बाहर आते ही उसने पुनः ग्रामों में दादागिरी, मारपीट एवं भय उत्पन्न करने जैसी घटनाओं को अंजाम देना शुरू कर दिया। हाल ही में दिनांक 05.02.2025 को आरोपी ने एक महिला के साथ मारपीट की, जिससे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। इसके पूर्व भी दिनांक 29.09.2024 को शाकिर खान ने अपने साथी के साथ मिलकर रामजी पनिका निवासी राली, थाना तरेगांव से जबरन पैसे मांगे। इंकार करने पर डंडे से गंभीर मारपीट कर दी, जिससे रामजी पनिका को गंभीर चोटें आईं। इस घटना पर थाना कुकदुर में अपराध क्रमांक 127/24, धारा 296, 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान आरोपी के विरुद्ध धारा 119(2) बीएनएस जोड़ी गई, जो कि अजमानतीय एवं आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान रखती है। गंभीर अपराधों एवं लगातार बढ़ती अपराधिक गतिविधियों को देखते हुए पुलिस ने शातिर अपराधी शाकिर खान (34 वर्ष), पिता शकील खान, निवासी कुई, थाना कुकदुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# संपादकीय

## सीबीएसई का फैसला निःसंदेह महत्वपूर्ण पहल

अगले महीने से होने जा रही 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षाओं को पारदर्शी तरीके से कराने को लेकर केंद्रीय माध्यमिक परीक्षा बोर्ड (सीबीएसई) का फैसला निस्संदेह महत्त्वपूर्ण पहल है। बोर्ड ने फैसला किया है कि अगर किसी परीक्षार्थी ने प्रश्नपत्र को सोशल मीडिया पर डाला तो उसकी चार वर्ष की परीक्षा रद्द कर दी जाएगी। यानी उस परीक्षार्थी का मौजूदा पेपर तो रद्द होगा ही, साथ ही उसे अगले तीन वर्ष की परीक्षाओं में बैठने पर भी प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। दरअसल, बोर्ड की ऐसी सख्ती वक्त की मांग है। कई बार से ऐसा देखा गया है कि परीक्षार्थी उत्साह में आकर या बेवकूफी में प्रश्नपत्र को सोशल मीडिया पर वायरल कर देता है। इससे बाहर यह संदेश जाता है कि परीक्षा निष्पक्ष नहीं हुई और यह संदेश फैलते क्षण भर की भी देरी नहीं होती कि प्रश्नपत्र लीक हो गया। जाने-अनजाने इससे भ्रम फैलता है और सरकार के साथ-साथ बोर्ड भी दबाव में आ जाती है। साथ ही ईमानदारी से परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों का मनोबल गिरता है। सीबीएसई ने इन मामलों की जांच के लिए एक कमिटी बनाई है, जिसकी सिफारिश के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। अनफेयर मीस के नियमों में ऐसे कई नियमों को शामिल किया गया है। यह देखने में आया है कि शैक्षणिक परीक्षाओं से लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं तक में बड़े पैमाने पर अनियमितता और फर्जीवाड़ा किया जाता रहा। इन सबका प्रभाव देश की परीक्षा प्रणाली पर काफी बुरा पड़ता है। वैसे भी परीक्षा केंद्र में सीसीटीवी लगाने, परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन या कोई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के इस्तेमाल न करने का निर्देश देना उन छात्रों के लिए भी तो बुरी बात है। यह सभी विद्यार्थियों के लिए निश्चित तौर पर सोचने-विचारने की बात है कि उनके लिए इतने सारे सख्त नियम-कायदे अमल में लाए जाएं। आखिर क्यों उन्हें परीक्षा में नकल करने या अनुचित व्यवहार करने के लिए विवश होना पड़ता है? इस बाबत उन स्कूलों, उन विद्यार्थियों और उनके परिजनों को भी संवेदनशील और संजीदा होकर मंथन करने की आवश्यकता है। गलत तरीकों से परीक्षा में अंक लाना बहादुरी नहीं है। कॅरियर में आगे बढ़ने के लिए ईमानदारी से किए गए प्रयास और दुनियादारी को समझना ही अच्छे अंक की गारंटी है। नकल करके प्रथम श्रेणी में पास होना विद्यार्थियों को क्षणिक खुशी तो देगा, मगर उन्हें जीवन पथ पर पीछे धकेल देगा।

# भारत-अमरीका आर्थिक संबंधों का सच

डा. जयंतीलाल भंडारी

हम उम्मीद करें कि अब जब डोनॉल्ड ट्रंप ने अपने नए कार्यकाल में अमरीका को नए सिरे से गढ़ने के लिए चीन, कनाडा व मैक्सिको पर अधिकतम शुल्क लगाने के साथ-साथ भारत के भी कुछ उत्पादों पर शुल्क बढ़ाने का संकेत दिया है, तब भारत के द्वारा अमरीका के व्यापक हित वाले उत्पादों पर शुल्क में उपयुक्त कमी की रणनीति के साथ आगे बढ़ना लाभप्रद होगा। ऐसे में अमरीका को अधिक निर्यात बढ़ाने और चीन प्लस वन के मद्देनजर वैश्विक स्तर पर अधिक निर्यात के मौके भारत की मुठ्ठी में आते हुए दिखाई दे सकेंगे 27 जनवरी को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से फोन पर बात करके राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को उनके ऐतिहासिक दूसरे कार्यकाल के लिए बधाई देते हुए भारत-अमरीका के बीच व्यापार, प्रौद्योगिकी, निवेश, ऊर्जा और रक्षा के क्षेत्र में व्यापक द्विपक्षीय साझेदारी को आगे बढ़ाने के उपायों पर सार्थक चर्चा की। इस चर्चा के बाद भारत-अमरीका के बीच आर्थिक संबंधों का नया परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। यह भी बात महत्वपूर्ण है कि जहां फरवरी 2025 में प्रधानमंत्री मोदी के अमरीका जाने की संभावना है, वहीं क्वाड के शिखर सम्मेलन में इसी वर्ष 2025 में राष्ट्रपति ट्रंप के भारत आने की संभावनाएं हैं और इससे अमरीका के साथ भारत के कारोबारी संबंध भी और व्यापक होंगे। गौरतलब है कि 20 जनवरी को डोनाल्ड ट्रंप ने अमरीका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के बाद अपने पहले संबोधन में कहा कि अब अमरीका का स्वर्णिम दौर शुरू हो रहा है। अमरीका फिर से अमीर देश बनेगा। अमरीका फिर से मैन्युफैक्चरिंग हब बनेगा और अमरीकी नागरिकों को समृद्ध बनाने के लिए दूसरे देशों के उत्पादों पर टैक्स और टैरिफ बढ़ाए जाएंगे। ट्रंप के नए कार्यकाल में उनकी नई आर्थिक रणनीति उभर कर दिखाई दे रही है। गौरतलब है कि शपथ ग्रहण करने के बाद ट्रंप ने नए आर्थिक फैसले लेते हुए कहा कि यदि ग्लोबल ट्रेड में ब्रिक्स देशों के द्वारा डॉलर का इस्तेमाल घटाया जाएगा तो ब्रिक्स देशों पर 100 फीसदी टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रंप ने ऐसा कुछ नहीं कहा जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़े। ट्रंप इस बार दोगुने आर्थिक ताकतवर राष्ट्रपति दिखाई दे रहे हैं। यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि ट्रंप ने पहले भी उनके



संबोधनों में स्पष्ट संकेत दिया है कि उनकी नई आर्थिक रणनीति में जहां समृद्ध अमरीका के सपने को साकार करने के लिए आयात शुल्कों को बढ़ाना शामिल है, वहीं बदलती हुई दुनिया में उथल-पुथल मचाते हुए अमरीका को चुनौती दे रहे चीन के आर्थिक दबदबे को कारोबारी प्रतिबंधों व ऊंचे शुल्कों से नियंत्रित करना भी शामिल है। ट्रंप ने सबसे पहले चीन, कनाडा, मैक्सिको सहित उन शीर्ष पांच-छह देशों पर ऊंचे आयात शुल्क लगाने का संकेत दिया है, जिनके साथ अमरीका का व्यापार घाटा सबसे अधिक है। इन देशों पर कड़े आर्थिक फैसले भारत के लिए फायदेमंद होंगे। चूंकि ट्रंप ने भारत को भी कुछ उत्पादों के लिए अधिक आयात शुल्क वाला देश कहा है, ऐसे में भारत के द्वारा अमरीका के व्यापक हित में कुछ उत्पादों से शुल्क घटाए जाने से भारत को अमरीका में निर्यात के अधिक मौके प्राप्त होंगे। भारत में अमरीकी राजदूत एरिक गारसेटी ने कहा है कि ट्रंप के आगमन से भारत और अमरीका के आर्थिक रिश्ते और अधिक मजबूत होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप को शपथ ग्रहण करने के बाद बधाई देते हुए एक-दूसरे के हित में मिलकर काम करने का संदेश दिया है। ऐसे में ट्रंप की आर्थिक चुनौतियों के बीच भी भारत के लिए आर्थिक मौके उभर कर दिखाई दे रहे हैं। खास तौर पर ट्रंप ने भारतीयों को बड़ी राहत का ऐलान करते हुए कहा कि एच-1बी वीजा बंद नहीं होगा, क्योंकि इस समय अमरीका को अच्छे प्रोफेशनल्स की जरूरत है। निःसंदेह ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल में वैश्वीकरण की जगह 'मेरा अमरीका प्रथम' की धारणा को उच्च प्राथमिकता देते हुए परस्पर निर्भर अर्थव्यवस्थाओं की जगह अमरीका की आत्मनिर्भरता और आर्थिक मजबूती की ओर बढ़ने का संकेत दिया है। इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद विश्व स्तर पर जो आर्थिक-कारोबारी नियम, समझौते और सहकारी एजेंडे बनाए गए थे, वे सब इस समय ध्वस्त होते हुए दिखाई दे रहे हैं। खास तौर से चीन ने स्वीकार्य वैश्विक कारोबारी नियमों का पालन नहीं किया है। चीन ने न केवल रणनीतिक रूप से पश्चिम का औद्योगीकरण समाप्त करने का काम किया है, बल्कि उसने पश्चिम की कई नई तकनीकें भी चुराई हैं। इनके दम पर चीन का दबदबा बढ़ता ही जा रहा है। 2024 में अमरीका का सबसे ज्यादा व्यापार घाटा चीन से रहा है। स्थिति यह है कि वर्ष 2030 तक चीन का विनिर्माण क्षेत्र समूचे पश्चिम के विनिर्माण क्षेत्र की तुलना में अधिक हो जाने का अनुमान है। इस परिप्रेक्ष्य में यह भी उल्लेखनीय है कि पिछले माह दिसंबर 2024 में चीन की सालाना सेंट्रल इकानॉमिक वर्क कॉन्फ्रेंस (सीईडब्ल्यूसी) में ट्रंप के राष्ट्रपति बनने की चुनौती से निर्मित कुछ उल्लेखनीय बिंदुओं पर चर्चा करते हुए अमरीका से मुकाबले की नई आर्थिक रणनीति बनाई गई। इसके तहत चीन में मांग में ठहराव, बिगड़ती बाहरी आर्थिक चुनौतियों और चीनी अर्थव्यवस्था में लगातार गिरावट की बात स्वीकार करते हुए अधिक बड़े आर्थिक प्रोत्साहन का रास्ता चुना गया है। 'उदार मौद्रिक नीति' पर रजामंदी बन गई है। यहां यह उल्लेखनीय है कि ट्रंप के नए कार्यकाल के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियों ने अनुमान जताया है कि अमरीका के नए राष्ट्रपति ट्रंप से चीन को भारी नुकसान हो सकता है और भारत समेत आसियान देशों को फायदा होगा। वैश्विक अर्थविशेषज्ञों का यह भी मत है कि भारत और अमरीका के बीच लगातार बढ़ता हुआ व्यापार ट्रंप के नए कार्यकाल में और बढ़ना संभावित है। वित्त वर्ष 2023-24 में करीब 120 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुओं का द्विपक्षीय व्यापार हुआ था। वर्ष 2024 में जनवरी से जून 2024 के बीच अमरीका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बनने के साथ-साथ भारत के लिए अमरीका निर्यात के लिए सबसे बड़े बाजार सबसे प्रमुख निर्यात के रूप में रेखांकित हो रहा है। पिछले वर्ष भी अमरीका के साथ व्यापार संतुलन भारत के पक्ष में रहा है और यह अधिशेष 35.3 अरब डॉलर स्तर पर है। विकासशील देशों की अनुसंधान एवं सूचना प्रणाली (आरआईएस) सहित अन्य नई अध्ययन रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि ट्रंप के नए कार्यकाल में भारत के लिए चुनौतियों के बीच मौके दिखाई दे रहे हैं। ट्रंप के पहले शासनकाल में भारत चीन के खिलाफ सख्ती का फायदा नहीं उठा सका था। ऐसे में ट्रंप द्वारा अमरीकी प्रशासन की बागडोर संभालने के बाद भारत को ऐसी बहुआयामी रणनीति पर आगे बढ़ना होगा, जिससे एक ओर अमरीका में निर्यात बढ़ सके, वहीं दूसरी ओर वैश्विक निर्यात में भी तेज बढ़त मिल सके। हम उम्मीद करें कि अब जब डोनॉल्ड ट्रंप ने अपने नए कार्यकाल में अमरीका को नए सिरे से गढ़ने के लिए चीन, कनाडा व मैक्सिको पर अधिकतम शुल्क लगाने के साथ-साथ भारत के भी कुछ उत्पादों पर शुल्क बढ़ाने का संकेत दिया है, तब भारत के द्वारा अमरीका के व्यापक हित वाले उत्पादों पर शुल्क में उपयुक्त कमी की रणनीति के साथ आगे बढ़ना लाभप्रद होगा।

ऐसे में अमरीका को अधिक निर्यात बढ़ाने और चीन प्लस वन के मद्देनजर वैश्विक स्तर पर अधिक निर्यात के मौके भारत की मुठ्ठी में आते हुए दिखाई दे सकेंगे। हम उम्मीद करें कि ट्रंप के द्वारा जो नई आर्थिक इबारत लिखी जाएगी, उससे भारत-अमरीका के आर्थिक रिश्तों का नया दौर आगे बढ़ेगा और अमरीका के साथ मजबूत आर्थिक रिश्ते भारत को 2047 तक विकसित देश बनाने के लक्ष्य को पूरा करने में भी मददगार साबित होंगे। नए अवसरों का दोहन करना होगा।

## आलेख

### कैलाश इंदौर के फ़िर बने सिरमौर

नितिनमोहन शर्मा

इंदौर के मामले में एक बार फ़िर ख़ालिस इन्दौरी कैलाश विजयवर्गीय सिरमौर बनकर उभरे। भाजपा नगर व जिला अध्यक्ष का पद आख़िरकार उन्हीं की झोली में आया। वे तब तक डटे व अड़े रहें, जब तक उनके मनोनुकूल निर्णय नही हुआ। न सत्ता उन्हें नजरअंदाज कर सकी और न संगठन। वो घेराबंदी भी काम नही आई, जो विजयवर्गीय को घेरने के लिये बनाई गई थी। मंत्री सहित जिले के 4 विधायक उनके ख़िलाफ़ लामबंद हुए थे। इस लामबंदी को ग्वालियर से लेकर भोपाल तक से बल भी मिल रहा था। कैलाश कैम्प ने अपने ख़िलाफ़ इंदौर से ग्वालियर व भोपाल से दिल्ली तक बनी व्यूहरचना से न सिर्फ़ पार पाया बल्कि उसे ध्वस्त भी कर दिया। एक बार फ़िर विजयवर्गीय का सरकार व संगठन में दबदबा नज़र आया। आख़री तक इंदौर का फैसला नही हो पाया। न कोई हिम्मत दिखा पाया कि विजयवर्गीय को परे रख घोषणा की जाए। पूरे प्रदेश के जिलाध्यक्ष घोषित होने तक भी इंदौर की घोषणा का रुका रहना ही साबित कर गया कि फ़िलहाल तो इंदौर के मामले में विजयवर्गीय को नजरअंदाज नही किया जा सकता। जिले व नगर के फैसले में उन्हें एक बार फिर मालवा अंचल का क्षत्रप साबित किया। नगर व ज़िले के कप्तान के मामले में भाजपा में इस बार जो हुआ, वैसा कभी नही हुआ। सब कुछ कांच की तरह साफ होने के बाद भी इंदौर की राह रोक ली गई। रायशुमारी को एक तरफ सरका दिया गया और नए नए समीकरण गढ़े गए ताकि अध्यक्ष कैलाश कैम्प से हटकर हो। इस काम में कांग्रेस की गुट बनाने वाली बीमारी भी पाल ली गई। जिले के 4 विधायक व एक मंत्री महोदय एकजुट भी हुए। इस कथित गुट को प्रदेश से जुड़े एक केंद्रीय मंत्री की मदद भी मुहैया हुई। घर बैठी वयोवृद्ध नेता को भी उकसाकर खड़ा किया गया। उन्होंने भी वीटो लगाया लेक़िन वे सतर्क भी बनी रहीं। सीएम के सपोर्ट का शोर भी मचाया गया। लेक़िन उन्ही सीएम साहब ने इंदौर के मामले में आखिर में तटस्थता अख्तियार कर ली और गुटबाजी का दम निकल गया। परिणाम सामने हैं। नगर में रायशुमारी को ही अहमियत मिली और ज़िले में किसी के हित स्थापित नही हो पाए। जबकि नगर पर दबाव बनाकर ज़िले में हुकूमत की बिछात मजबूती से बिछाई गई थी। पूरे मामले में विजयवर्गीय को इंदौर में कमजोर साबित करने के प्रयास बहुतेरे हुए। सत्ता से ज्यादा सँगठन ने इसमे रुचि दिखाई लेक़िन कैलाश केम्प ने सबसे पार पा लिया। शहर में तो उनका तीन इक्का तुवर ब्रांड नाम ही सामने आया। ज़िले में भी उन्होंने मास्टर स्ट्रोक खेल विरोधियों को चौका दिया। पूर्व जिलाध्यक्ष की निरंतरता के लिए वे अड़े रहें। लिहाज़ा विरोधी कैम्प नए नाम के साथ सामने आता रहा लेक़िन इस कैम्प को भी भरोसा न था कि कैलाश कैम्प अपने पुराने दिवंगत मित्र नंदू भैय्या की खोज पर हाथ रख देगा। विजयवर्गीय की घेराबंदी ही इसलिए हो रही थी कि उन्हें जिले व शहर में से किसी एक पद तक सीमित किया जाए। शहर पर दबाव बनाकर ज़िले की कमान अपने हाथ मे लेने के विजयवर्गीय विरोधी केम्प के मंसूबे परवान नही चढ़ पाए। ज़िले के मुखिया के रूप में ऐसा नेता सामने आ गया, जो रबर स्टाम्प नही, संगठनजीवी हैं। विजयवर्गीय ने इसी नाम की पैरवी 2023 विधानसभा चुनाव में भी बड़े गांव के लिए की थी। अब वो ही नाम जिले की कमान संभालेगा। इस पूरे मामले में दयालु भी चाणक्य साबित हुए। मोन रहक़र वे, वह काम कर गुजरे जिसकी किसी को कल्पना नही थी। शुरुआत उन्होंने रायशुमारी से की और बाद में अपने साथ अन्य विधायकों को जोड़ कैलाश कैम्प की राह आसान कर दी। उन्होंने अपने प्रिय नाम को पहले हर विधानसभा से रायशुमारी में स्थान दिलाया और वह भी ऐसा कि पूरे शहर की 80 फीसदी भाजपा दयालु के नाम के साथ खड़ी नजर आई। ये रणनीति ही अंतिम विजय तक कारगर रही। न सत्ता न संगठन रायशुमारी की मजबूती को नकार सका। सरकार के मुखिया की तटस्थता के पीछे दयालु की ही रणनीति रहीं। वे स्वयम दो दो बार सीएम से मिलें। बीच शहर के युवा विधायक का साथ सोने पर सुहागा साबित हुआ। परिणाम में सालों बाद दीनदयाल भवन में रमेश युग लौट आया। शहर के नूतन कप्तान से दयालु का रिश्ता जगजाहिर हैं और उस रिश्ते के लिए इस बार दादा ने हर चौखट पर दयालु बनकर दस्तक दी। ये उन्ही की मनुहार का असर है कि पार्टी में उनके केम्प के विरोधी हार गए और एक बार फ़िर दयालु के भाईसाहब इंदौर में सिरमौर बनकर उभरे।

# क्यों कम हो रहे सरकारी स्कूलों में छात्र

प्रकाश चौधरी

प्राइमरी व मिडल स्कूलों में क्लर्क आदि की नियुक्ति की जाए। यदि माध्यमिक पाठशाला तक की शिक्षा प्रणाली सही होगी तो दसवीं व जमा दो के परीक्षा परिणाम भी अच्छे होंगे। अध्यापकों की कमी समय पर दूर हो सरकारी स्कूलों में हर वर्ष बच्चों की संख्या कम हो रही है। इससे जाहिर है कि शिक्षा की नीतियों में खामियां हैं जिन्हें समय रहते दूर किया जाना आवश्यक है। जब हम मकान बनाते हैं तो उसकी नींव पर खास ध्यान देते हैं कि नींव काफी मजबूत हो, ताकि उसके ऊपर बहुमंजिल खड़ी की जा सके। कमजोर नींव के ऊपर बहुमंजिल का निर्माण नहीं किया जा सकता। इसी तरह बच्चों की शिक्षा भी मजबूत आधार पर निर्भर है। यदि बच्चों की शिक्षा का आधार मजबूत होगा, तो इसका लाभ इन्हें आगे उच्च शिक्षा ग्रहण करने में मिलेगा। स्वतंत्रता प्राप्ति से पूर्व शिक्षा के क्षेत्र में आम नागरिक कितना पीछे था, इसके लिए गुलामी के दिनों का इतिहास गवाह है। अंग्रेज उच्च विद्यालय तो दूर, प्राथमिक विद्यालय तक नहीं खोलना चाहते थे, ताकि हिंदोस्तानी ज्यादा पढ़े-लिखे न हो जाएं। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात शिक्षा के क्षेत्र में जो हमारा देश आगे बढ़ा, यह किसी से छिपा नहीं है, लेकिन शिक्षा के क्षेत्र में कुछ समय उपरांत जो कमियां उभरी, वे भी कम नहीं थीं। आज सर्वशिक्षा अभियान के अंतर्गत करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं और हर प्रांत एक-दूसरे से आगे निकलने की कोशिश कर रहा है। यह अच्छी बात है लेकिन शिक्षा के क्षेत्र में जो भारी त्रुटियां हैं यह अच्छा संकेत नहीं है। जब नन्हा बच्चा पहली बार विद्यालय में प्रवेश करता है, तो इस सोच के साथ प्रवेश करता है कि मैं आज अपने माता-पिता के घर से व उनकी गोद से अलग होकर ऐसे घर में प्रवेश कर रहा हूं, जहां से मेरे जीवन के सुनहरे कल का उदय होगा व इस घर से शिक्षित होकर जीवन की मजबूत मंजिल की ओर बढ़ूंगा और अपने जीवन के उदेश्यों की पूर्ति के अतिरिक्त समाज व देश की सेवा में भागीदार बनूंगा, अर्थात यही उस बच्चे का सपना भी है और अधिकार भी जो उसे एक समान मिलना चाहिए। हर बच्चे को एक समान शिक्षा मिलनी चाहिए, चाहे वह सरकारी स्कूल में पढ़ रहा है या निजी स्कूल में। लेकिन एक समान शिक्षा का अधिकार एक सपना बन कर रह गया है। ऊपर वाले ने तो सबको एक समान बनाकर पैदा किया, लेकिन पैदा होते ही हमारा विभाजन हो गया। अर्थात एक अमीर, दूसरा गरीब। अमीर तो अच्छी और उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सक्षम है, लेकिन गरीब बेचारा बेबस है। आज गरीब के बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे हैं, तो अमीर के बच्चे दूसरे तामझाम वाले प्राइवेट स्कूलों में पढ़ रहे हैं। गरीब का बच्चा भी पहली कक्षा से ही अंग्रेजी व अंग्रेजी भाषा में विज्ञान और गणित विषय सीखना चाहता है। यदि प्राईवेट स्कूलों के अध्यापक कम वेतन मिलने के बावजूद अंग्रेजी भाषा में उक्त विषय पढ़ा सकते हैं, तो अच्छा वेतन लेने वाले व प्रशिक्षित राजकीय प्राथमिक पाठशालाओं के अध्यापक पहली कक्षा से बच्चों को अंग्रेजी व अंग्रेजी भाषा में विज्ञान और गणित विषय क्यों नहीं पढ़ा सकते? शिक्षा का आधार तो प्राइमरी स्कूलों में ही बनता है। यदि गरीब के बच्चे से वास्तव में ही सरकार को सच्ची हमदर्दी है, तो उसे भी वही शिक्षा प्रदान की जाए, जो शिक्षा एक अमीर, राजनेता व उच्चाधिकारी का बच्चा ग्रहण कर रहा है। आज गरीब के बच्चे भी शिक्षित होकर उच्च पदों पर विराजमान हैं। कभी रेलवे स्टेशन पर चाय बेचने वाला श्री नरेंद्र मोंदी आज विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत का प्रधानमंत्री है। तो एक गरीब परिवार में पैदा हुआ, हर कठिनाइयों का सामना करता हुआ आज श्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हिमाचल प्रदेश का मुख्यमंत्री है। आज किसी भी अधिकारी, मंत्री व राजनेता के बच्चे सरकारी स्कूलों में नहीं पढ़ते। एक तरफ पांचवीं और आठवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं सरकार ने बंद कर दी और दूसरा आठवीं कक्षा तक कोई बच्चा फेल नहीं करना, अर्थात सभी बच्चे पास करने की प्रथा बनाई दी गई है। रही-सही कसर सतत समग्र मूल्यांकन प्रणाली ने पूरी कर दी। सरकारी स्कूलों के अध्यापकों के पास पढ़ाने के लिए सरकार ने समय ही कहां छोड़ा है। उसे राशन डिपुओं से खिचड़ी के लिए राशन भी लाना है, रोज खिचड़ी भी बनवानी है, बच्चों की वर्दी व किताबों का हिसाब भी रखना है व सतत समग्र मूल्यांकन प्रणाली के अधीन तमाम रजिस्टर भी रोज भरने हैं। इसके अतिरिक्त ढेर सारे और अन्य काम भी अध्यापकों को करने हैं, जैसे कि पंचायत चुनाव, विधानसभा व लोकसभा चुनाव, जनगणना व वोटर लिस्ट तैयार करना आदि अनेक कार्य। आठवीं कक्षा तक कोई बच्चा फेल नहीं करना व सतत समग्र मूल्यांकन प्रणाली का असर सरकारी स्कूलों में दसवीं व जमा दो के वार्षिक परीक्षा परिणामों में देखने को मिल रहा है। कई सरकारी स्कूलों में अध्यापक ही पूरे नहीं, ऐसे में परीक्षा परिणाम तो प्रभावित होंगे ही। तो दूसरी तरफ कई स्कूलों के भवन ही पूरे नहीं। उदाहरण के तौर पर 100 साल से भी पुराना राजकीय प्राथमिक केन्द्र पाठशाला भट्टू समूला (तहसील पालमपुर) लंबे समय से केवल दो कमरों में चल रहा है जहां पर इस समय पांच कमरों की अति आवश्यकता है। आज ऐसे कई स्कूल हिमाचल प्रदेश में होंगे। ऐसे दो कमरों वाले स्कूलों में बच्चे कैसे पढ़ते होंगे, अध्यापक कहां पर बैठते होंगे व खिचड़ी कहां बनती होगी? यदि सरकार सरकारी स्कूलों के बच्चों के प्रति चिंतित है तो उसे निजी स्कूलों की भांति नर्सरी, केजी कक्षाएं शुरू करनी होंगी व नर्सरी कक्षा से ही अंग्रेजी व अंग्रेजी भाषा में विज्ञान और गणित विषय पढ़ाने होंगे। सतत समग्र मूल्यांकन प्रणाली बंद होनी चाहिए। आठवीं कक्षा तक सभी बच्चे पास करने की नीति बंद होनी चाहिए व पांचवीं और आठवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं पुनः शुरू की जानी चाहिए।

# पेय पदार्थों में अपशिष्ट पदार्थों की मिलावट

विनीत नारायण


शीतल पेयों के जरिए हम ऐसे कीटनाशकों को निगल रहे हैं, जिनके लंबे समय तक सेवन करने से कैंसर, स्नायु और प्रजनन तंत्र को क्षति, जन्मजात शिशुओं में विकृति और इम्यून सिस्टम तक में खराबी आ सकती है। पेय पदार्थों में अपशिष्ट पदार्थों की मिलावट सिर्फ विदेशी कंपनियों के इन शीतल पेयों तक ही सीमित नहीं है। कुछ वर्ष पूर्व बोतल बंद मिनरल वाटर के दूषित होने को लेकर भी काफी बवाल मचा था। शर्बत और लस्सी के देश भारत के अधिकांश लोग पश्चिमी बयार में बहकर खुद को मॉडर्न' साबित करने के लिए दूषित' शीतल पेयों का जमकर उपयोग कर रहे हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि इन शीतल पेयों के जरिए हम ऐसे कीटनाशकों को निगल रहे हैं, जिनके लंबे समय तक सेवन करने से कैंसर, स्नायु और प्रजनन तंत्र को क्षति, जन्मजात शिशुओं में विकृति और इम्यून सिस्टम तक में खराबी आ सकती है। कुछ समय पहले राष्ट्रीय कंपनियाँ जिन शीतल पेयों को आम भारतीयों के गले के नीचे उतार रही हैं, वह सेहत के लिए ठिक है या नहीं यह तो विस्तृत जांच पड़ताल के बाद ही पता चलेगा। गैर-सरकारी संगठन सेंटर फॉर साइंस एंड एन्वायरन्मेंट (सीएसई) के अनुसार यह विदेशी कंपनियां भारत के साथ भेदभाव बरत रही हैं। अमेरिका और अन्य दूसरों देशों में इनके उत्पादों की गुणवत्ता का बारीकी से ध्यान रखा जाता है, जबकि भारत में यह पैसे बचाने के लिए कीटनाशकों का घोल जनता को पिलाते हैं। पर, पेय पदार्थों में अपशिष्ट पदार्थों की मिलावट सिर्फ विदेशी कंपनियों के इन शीतल पेयों तक ही सीमित नहीं है। कुछ वर्ष पूर्व बोतल बंद मिनरल वाटर के दूषित होने को लेकर भी काफी बवाल मचा था। उस समय सीएसई ने देसी-विदेशी विख्यात कंपनियों के बोतल बंद पानी के दिल्ली में 17 और मुंबई में क्लोरोपाइरोफोस, मेलाथियान जैसे कीटनाशक पाए जाने की पुष्टि की थी। इसके बाद सरकार को होश आया और उसने भारतीय मानक ब्यूरो की सिफारिश के आधार पर बोतल बंद पानी की शुद्धता बरकरार रखने के लिए खाद्य अपमिश्रण कानून में कुछ फेरबदल कर इन्हें लागू करवा दिया। हालांकि भारत के अधिकांश लोग नगर पालिका या नगर निगम द्वारा आपूर्ति किया जाने वाला जल अथवा नदियों के पानी को ही पीते हैं। नगर पालिकाएं या नगर निगम इस पानी को स्वच्छ करने के लिए क्या कदम उठाती है, यह किसी से छिपा नही है। बाहरी जल की



तो छोड़िए, पृथ्वी पर बढ़ते प्रदूषण के कारण भूगर्भीय जल भी अब स्वच्छ नहीं रहा है। कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोगों से अनाज, सब्जी और फल तक दूषित हो गए हैं। यदि इनकी बिना सफाई किए हुए यूं ही खा लिया जाए, तो यह सेहत बनाने के बजाए उसका बेड़ागर्क कर देंगे। ज्यादा पैदावार के चक्कर में किसान रासायनिक खादों का बेतरतीबी से इस्तेमाल कर रहे है। इसके दुष्परिणाम भी उनके सामने आने लगे हैं। भूमि बंजर हो रही है। उपज की गुणवत्ता में कमी आई है। जमीन से उपयोगी तत्व नष्ट हो रहे हैं, आदि-आदि। कभी जहां इस देश में दूध-दही की नदियां बहा करती थीं, अब वहां हर चीज में मिलावट का आलम है। यहां तक कि दूध भी इससे अछूता नहीं रह गया है। थोड़े से लाभ के लिए लोग सेहत के लिए बेहद नुकसानदेह पदार्थों से नकली दूध तैयार कर लोगों को पिला रहे हैं। यूरिया, साबुन, और तेल जैसी खतरनाक चीजों को मिलाकर बनने वाले इस दूध में दूध नाम की कोई चीज ही नहीं होती। लोग अज्ञानतावश मानव सभ्यता के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। इन्हें नहीं पता कि इस दूध को पीकर हमारे नौनिहाल, जो देश का भविष्य हैं, कितनी बीमारियों के चंगुल में फंस जाएंगे। डॉ वर्गीज कुरियन ने भी भारत में ऑपरेशन फ्लड' शुरू करते समय यह नहीं सोचा होगा कि आम लोगों को दूध मुहैया कराने के लिए वह जिन डेयरियों को खुलवाने की बात कह रहे हैं, उनमें बरती जाने वाली लापरवाही गाय और भैंसों के लिए तो जानलेवा साबित होंगी ही, साथ ही वहां से मिलने वाला दूध भी आम आदमी के लिए मुफीद नहीं रहेगा। भारत में डेयरियों की हालत ज्यादा अच्छी नहीं है। ज्यादा दूध लेने के चक्कर में गायों को हर साल गर्भवती करवा दिया जाता है, क्योंकि बच्चा होने के बाद दस माह तक वह ज्यादा दूध देती हैं। हर रोज उन्हें ऑक्सीटोसिन के इंजेक्शन लगाए जाते हैं ताकि वे ज्यादा दूध दे सकें। परंतु यह इंजेक्शन उनके लिए कितने हानिकारक हैं, यह दूध दुहने वाले और डेयरी मालिक शायद नहीं जानते। अगर उन्हें पता है तो वह और भी गंभीर अपराध कर रहे हैं, क्योंकि जानबूझकर किसी को मौत के मुंह में धकेलना, भारतीय ही नहीं विदेशी कानून में भी अपराध की श्रेणी में आता है। यह सभी तरीके इन बेजुबान जानवरों के लिए तो खतरनाक है ही, साथ ही इनका दूध पीने वालों के लिए भी कम नुकसानदेह नहीं हैं। इंडियन काउन्सिल ऑफ़ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) द्वारा सात साल के शोध के बाद निकाले नतीजों में पाया कि जिस गाय के दूध को सदियों से हम पूर्ण आहार मानकर पीते चले आ रहे हैं, वह भी क्लोहैक्सेन (एचसीएच), डेल्ड्रिन, एल्ड्रिन जैसे खतरनाक कीटनाशक भारी मात्रा में मौजूद हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जन आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के प्रथम समाधि दिवस पर हार्दिक विनयांजली



**रायपुर (विश्व परिवार)।** श्री नागपुर प्रांतीय दिगम्बर जैन खंडेलवाल सभा रायपुर के संयोजक अरविन्द पहाड़िया ने जनाचार्य 108 श्री विद्यासागर जी महामुनिराज जो केवल जैन आचार्य न होकर जन आचार्य थे उनके प्रथम समाधि दीवस पर अपनी ओर से व संस्था की ओर से विनयांजली देते हुए कहा कि आचार्य श्री केवल स्वयं के लिए या केवल धर्म के आधार पर ही जीना नहीं सीखा गए वरन प्राणिमात्र के हितों के बारे मे विचार कर उनके लिए कुछ करने की शिक्षा देकर गए है, संस्कृति और समाज की रक्षा हेतु परिवार की बेटियों को शिक्षित करने प्रतिभास्थली, रोजगार हेतु चल चरखा व हस्तशिल्प, गौ माता की रक्षा हेतु गौशाला, धर्म की वृद्धि हेतु धर्मआयतन, चिकित्सा के क्षेत्र मे शुद्ध आयुर्वेदिक पूर्णायु संस्थान, व सबसे बड़ी सोच भारत को इंडिया नाम से मुक्त करने भारत नाम देने हेतु प्रेरणा देना इन सभी क्षेत्र मे उनके विचार व क्रियान्वयन उनको केवल जैनियों के नहीं वरन जन जन के आचार्य बना दिए। निश्चित वो हमारे बीच शारीरिक रूप में नहीं है किन्तु उनके विचार उनकी शिक्षा व प्रेरणा हमारे शरीर मे रक्त के जैसे प्रवाहित है, इस युग मे जन्म लिए प्राणी निश्चित ही पुण्यशाली है जो ऐसे बिरले युग पुरुष के साक्षात् दर्शन का लाभ मिला, गुरुवर छत्तीसगढ़ को सदा सदा के लिए अमर कर गए क्योंकि जब भी गुरुवर का नाम आएगा समाधि स्थल के रूप मे डोंगरगढ़ छत्तीसगढ़ का नाम हमेशा आएगा, ऐसे गुरुवर को आज समाधि दिवस पर नमन नमोस्तु, निश्चित ही उन्हें बहुत ही कम समय मे सिद्धत्व की प्राप्ति होंगी।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम ने की सौजन्य भेंट



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से आज उनके निवास कार्यालय में नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक श्री अरुण देव गौतम ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने श्री गौतम को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश में कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, नागरिक सुरक्षा और पुलिस प्रशासन को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने आधुनिक तकनीकों के समुचित उपयोग, जनसहभागिता और अनुशासित पुलिसिंग के माध्यम से प्रदेश में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ किए जाने पर बल दिया।

## प्रथम समाधि स्मृति दिवस पर राष्ट्रसंत आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज को विनयांजलि समर्पित की

### बहु मण्डल वासुपूज्य जिनालय के तत्वाधान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



**तालबेहट/ललितपुर (विश्व परिवार)।** आज ही दशलक्षण महापर्व में उत्तम सत्य के दिन 1 वर्ष पूर्व जन - जन के आराध्य गुरुवर विद्यासागर महाराज डोंगरगढ़ में समाधिस्थ हुए थे। उनकी प्रथम समाधि स्मृति दिवस पर बहु मण्डल वासुपूज्य जिनालय के तत्वाधान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये एवं आचार्य श्री को विनयांजलि समर्पित की। सुबह अनिल जैन के नेतृत्व में नित्यमय अभिषेक-शांतिधारा पूजन के बाद महामंडल विधान का आयोजन किया गया।

सायं काल की बेला में दीप रैली निकाली गयी, जिसमें कीर्ति स्तंभ पहुँचकर दीप प्रज्वलित कर गुरुवर को विनयांजलि समर्पित की। नगर अध्यक्ष पुनीत सिंह परिहार ने आचार्य श्री की मंगल आरती उतारी। तत्पश्चात यात्रा मंदिर जी में पहुँची जहाँ भक्तामर पाठ के साथ 48 दीपक प्रज्वलित कर गुरुवर की मंगल आरती उतारी। वक्ताओं ने आचार्य श्री के जीवन चरित्र एवं उनके द्वारा बताए गए सत्य-अहिंसा और धर्म मार्ग पर प्रकाश डाला एवं उनके आदर्श पर चलने का आह्वान किया। श्री विद्यासागर श्रमण संस्कृति पाठशाला के बच्चों ने आचार्य श्री के उपकारों के प्रति अपनी भावांजलि प्रस्तुत की। जिसमें अशोक कुमार, पुष्पेंद्र जैन, प्रवीन भंडारी, संतोष कुमार, विजय जैन, चक्रेश कुमार, श्रेयांश जैन, सुशील मोदी, प्रदीप एड़, जितेंद्र जैन, वीरेंद्र कुमार, विनय जैन, कपिल मोदी, हितेंद्र पवैया, अरविन्द कुमार, विकास जैन, पंकज कुमार, स्वतंत्र कुमार, रोहित बबीना, सुरेंद्र कुमार, मनीष जैन, नीलेश, अंजेश, पुनीत, वैभव, सरल, पारस, विनम्र जैन सहित सकल दिगम्बर जैन समाज का सहयोग रहा। संचालन विशाल जैन पवा एवं अजय जैन मोनू ने किया।

## आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रथम समाधि दिवस पर करुणा दान सेवा कार्यक्रम आयोजित



**ब्यावर (विश्व परिवार)।** ब्यावर दिगंबर जैन समाज के महान संत, तपस्वी, और विद्वान महाकवि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज की प्रथम समाधि दिवस के अवसर पर श्री विद्यासागर युवा संगठन द्वारा एक विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन के सभी सदस्यों ने आज गुरुवार को ब्रह्मानंद जी की बगीची में जरूरतमंदों की सेवा की और करुणा दान प्रदान किया।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वामी ब्रह्मानंद सत्संग मंडल, जो कि वृद्ध और असहाय जनों की सहायता के लिए समर्पित है, के माध्यम से अनेक जरूरतमंदों को सहयोग दिया गया। इस दौरान संगठन के सदस्यों ने भोजन वितरण, आवश्यक वस्तुओं का वितरण और अन्य सेवा कार्य किए, जिससे वृद्धजनों को आत्मीयता और सहयोग का अनुभव मिला। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं और समाजसेवियों ने भाग लेकर आचार्य श्री के बताए हुए सेवा और त्याग के मार्ग का अनुसरण किया। श्री विद्यासागर युवा संगठन ने इस अवसर पर सभी से अपील की कि वे भी समाज सेवा के इस पावन कार्य में अपना योगदान दें और आचार्य श्री की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाएँ। संगठन मंत्री अमित गोधा ने बताया कि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का जीवन त्याग, तपस्या और सेवा की प्रतिमूर्ति था। उनका साहित्य और शिक्षाएँ समाज को सदैव प्रेरणा देते रहेंगे। संगठन के प्रचार मंत्री चंचल जैन ने बताया है कि इस अवसर पर अपेक्षा जैन पारुल गोधा प्रीति जैन प्रियंका काला साक्षी रावका शिप्रा जैन मोहि काला मोनिका गदिया अनिता कटारिया अंशुल रानीवाला धर्मेन्द्र कटारिया आशीष गदिया सुमित जैन अमित गोधा कल्पेश जैन उज्जवल काला श्रेणिक जैन मोहित जैन अरुण कासलीवाल सन्मति रावका नमन रावका दीपक सोनी लक्की गंगवाल करुणा से बड़ा कोई दान नहीं, सेवा से बड़ी कोई साधना नहीं- इसी भावना के साथ यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के समाधि दिवस पर भक्त हुए भाव विभोर



**रामगंजमंडी (विश्व परिवार)।** विश्व वंदनी आचार्य गुरुवर विद्यासागर महाराज का समाधि दिवस संपूर्ण भारत ही नहीं, संपूर्ण विश्व में मनाया गया।

इसी क्रम में रामगंजमंडी के श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर परिसर में भी आचार्य गुरुवर विद्यासागर महाराज का समाधि दिवस मनाया गया। आयोजन के क्रम में सर्वप्रथम श्री जी का अभिषेक एवं शांति धारा की गई। शांति धारा के उपरांत नित्य नियम पूजन उपरांत पंडित श्री जयकुमार जैन निशांत, संतोष भैया शास्त्री के निर्देशन में आचार्य गुरुवर विद्यासागर महाराज का विशेष पूजन किया गया एवं गुरु चरणों में भावभीनी विनयाजलि अर्पित की।

इस अवसर पर पंडित श्री जय कुमार जैन निशांत ने आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से जुड़े कई संस्मरणों को सुनाया एवं उनके त्याग का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि आचार्य श्री का नमक तेल शक्कर मीठे का त्याग था। इससे पूर्व समाधि दिवस की पूर्व संध्या पर आचार्य श्री के चरणों में भक्तामर स्तोत्र की 48 रिद्धि मंत्रों के द्वारा आराधना की गई। उसके उपरांत भक्तामर की मंगल आरती की गई जिसमें स्वर लहरियां रामकुमार जैन एंड पार्टी भोपाल द्वारा बिखेरी गई। संगीतकार रामकुमार जैन भोपाल द्वारा अनेक भजनों को सुनाया गया जिन्हें सुनकर भक्त भावुक हो गए।

अष्ट द्रव्यों के विशेष थाल सजाकर आचार्य श्री का पूजन किया गया एवं भजनों के द्वारा गुरु चरणों में पूजन करते हुए भक्त द्रव्य समर्पित कर रहे थे। भक्ति करो झूम झूम के, भावना की चुनर ओढ़के, रामगंजमंडी में आज भक्ति धूम धूम, विद्यासागर महाराज पधारो म्हारे आंगनिया, छोटे बाबा रे पधारो स्वामी मोहरे अंगना रे जैसे भजनों पर भक्त झूमकर गुरु चरणों में भक्ति प्रदर्शित कर रहे थे।

## भूले भगवान, भूले साधु : भावलिंगी संत श्रमणाचार्य श्री विमर्थसागर जी मुनिराज



दृष्टि में निर्मलता हो,
नित निज भाव विमलता हो।
गुणदृष्टि जीवन, हो-हो-2, गुणवान बनाये रे॥
मन-वच-काय क्रियाओं में, शुद्धि हो कोमलता हो।
जीवन है पानी की बूंद, कब मिट जाए रे।।

**नई दिल्ली।** कैसे जानें कि हमारे पुण्य का उदय है? आपको देव-शास्त्र-गुरु का सानिध्य प्राप्त करके यदि प्रसन्नता होती है तो जानना चाहिए आपका पुण्य का उदय है।

आप एक वाक्य हमेशा सुनते होंगे- धर्म करो, धर्म की शरण प्राप्त करो तब प्रश्न होता है आखिर धर्म है क्या ? आप मंदिर जाते हैं, क्या ये धर्मस्थान हैं? वास्तव में ये धर्मस्थान नहीं हैं अपितुये धर्मात्माओं के स्थान है। लोकरीति ऐसी ही है कि जिनके अंदर धर्म पाया जाता है उन धर्मात्माओं के स्थान को ही धर्मस्थान कहा जाता है। जिनागम कहता है धर्म कभी धर्मात्मा से पृथक-अलग नहीं पाया जाता।

धर्म को आप कहीं भी खोजते रहो, किन्तु अपना धर्म अपनी आत्मा के सिवाय अन्यत्र आपको कहीं नहीं मिलेगा। हमारी आत्मा में जो विश्वास - श्रद्धा नामक गुण है वही सम्यग्दर्शन कहलाता है जो आत्मा से ही प्रगट होता है वास्तव में यही धर्म है।

यह सम्यग्दर्शन मैने आपको नहीं दिया, मैं तो निमित्त मात्र हूँ। धर्म आपको जब भी मिलेगा, आत्मा में ही मिलेगा।

आपकी नियति भगवान बनने की है किन्तु आप अपनी आत्मा में स्थित भगवान को ही भूले है, आप अपने अंदर समाये हुए साधु स्वभाव को भूले है इसीलिए आप भगवान तो हो किन्तु हो भूले भगवान भूले साधु। **-हर्ष जैन**

## आचार्य भगवन विशुद्धसागर जी महाराज ससंघ के बढ़ते कदम मुंबई की ओर : सिद्धसागर जी महाराज



**पंढरपुर/महाराष्ट्र (विश्व परिवार)।** श्रमण मुनी श्री सिद्धसागर महाराजजी ने बताया की अढीव पंढरपुर पंचकल्याणक के उपरांत आचार्य भगवन श्री विशुद्धसागरजी महाराज ससंघ का विहार मुंबई की ओर प्रारंभ हुआ है। 8 फरवरी को नातेपुते में गुरू शिष्य का मिलन होगा। श्रमण मुनी श्री सारस्वत सागर जी महाराज और श्रमण मुनी श्री जयंत सागर जी महाराज नातेपुते में विराजमान हैं।

श्रमण मुनी श्री सिद्धसागर महाराजजी ने अपने आचार्य भगवन श्री विशुद्धसागर कहा की समय परिणमनशील है, काल परिवर्तित होते है और धर्म सार्थी के रुप में महान पुरुष धर्मस्थ को प्रवाहित करते रहते है। इनकी पुण्य वर्गणाओ से शितील हुआ धर्मरथ गती प्राप्त करता है और अनेको जीव चल पडते है भगवत्ता प्राप्त करने के लिए। सम्प्रति मे ऐसे ही महापुरुष आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज ने आकाश सम धर्म को विस्तार प्रदान किया। गुरुदेव का जन्म मध्य प्रदेश के भिंड जिला के रूर ग्राम में हुआ। यह वही भिंड जिला जिसे कभी डाकुओ के शहर के नाम से जाना जाता था। परंतु जब से आचार्य भगवन का जन्म हुआ उनकी पुण्य वर्गणाओ के प्रभाव से अब यह शहर साधूओ की नगरी के नाम से संपुर्ण भारत में प्रसिद्ध है। इस नगर से अनेको मुनी, आर्यिका और व्रति बन चुके है। मेरा सौभाग्य रहा जिस ग्राम रूर में जिस परिवार में आचार्य भगवन श्री विशुद्धसागर महाराज जी का जन्म हुआ उसी घर में मेरा भी जन्म हुआ। **-अभिषेक अशोक पाटील**

## आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज का प्रथम समाधि दिवस पर विनयांजलि सभा सम्पन्न

### आचार्य श्री के ग्रंथों का स्वाध्याय करना सच्ची विनयांजलि




**जयपुर (विश्व परिवार)।** श्री दिगंबर जैन मंदिर महारानी फार्म, गायत्री नगर में मंदिर प्रबंध समिति के तत्वावधान में परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज का प्रथम समाधि दिवस माघ शुक्ला नवमी, गुरुवार, 6 फरवरी को प्रात: 7:30 बजे विधानाचार्य पंडित अजित शास्त्री जी के निर्देशन में भक्ति भाव से श्री जी के अभिषेक, शान्तिधारा कर विनयांजलि व पूजा का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

प्रथम अभिषेक व शांतिधारा राकेश पाटोदी व सहयोग राजेश बोहरा ने किया।

इस अवसर पर आचार्य श्री की तस्वीर के सामने मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष कैलाश छाबड़ा, उपाध्यक्ष अरुण शाह व मंत्री राजेश वोहरा ने दीप प्रज्ज्वलन किया।

मंगलाचरण श्रीमती सुनंदा अजमेरा ने किया। इस अवसर पर मंदिर प्रबंध समिति ने पंडित अजित शास्त्री, सिद्धार्थ टोंग्या व निलेश जैन पुजारी का स्वागत किया।

अजित शास्त्री ने आचार्य श्री के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन के अनेक संस्मरण बताएं।

अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन ने आचार्य श्री के प्रति विनायांजलि प्रस्तुत करते हुए कहा कि लोक में आचार्य श्री ने अनेकों उपकार किये हैं उन्होंने गौशाला, हथकरघा, को बढ़ावा दिया, भारत को भारत कहने के लिए भारत सरकार व प्रशासन को विशेष जोर दिया आचार्य श्री के रचित अनेकों ग्रंथ हैं उनका स्वाध्याय करना सच्ची विनयांजलि होगी। मंदिर प्रबंध समिति गायत्री नगर ने यहां विद्वान की व्यवस्था कर प्रतिदिन स्वाध्याय कक्षा चला रखी है उसका पूर्ण उपयोग हम सभी को उठाना चाहिए यही सच्ची विनयांजलि होगी।

इस अवसर पर मंजू सेवा वाले ने भी भजन के माध्यम से विनयांजलि प्रस्तुत की।

सभा में सारस मल जी झांझरी द्वारा प्रस्तुत आचार्य श्री के संबंध में संस्मरण लिखित रूप में प्रस्तुत किए जिनका वाचन उपाध्यक्ष अरूण शाह द्वारा किया गया तत्पश्चात सुंदर सजे हुए थालों में अष्टद्रव्य से भक्ति के साथ आचार्य श्री की सामुहिक पूजा की गई। सभा में आभार मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष कैलाश छाबड़ा ने किया एवं कुशल संचालन उपाध्यक्ष अरुण शाह द्वारा किया गया। **-उदयभान जैन**

## नए अंदाज में होगी 'परीक्षा पे चर्चा', प्रधानमंत्री मोदी समेत सिनेमा और खेल जगत के दिग्गज भी देंगे छात्रों को टिप्स



**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम नए कलेवर में छात्रों के सामने होगा। सवालों का जवाब सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी ही नहीं देंगे, बल्कि देश के कई दिग्गज भी देंगे। पहले पीएम मोदी छात्रों को परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन और तनावमुक्त रहने के टिप्स देते थे, लेकिन इस बार फिल्म अभिनेत्री दीपिका पादुकोण, अभिनेता विक्रांत मैसी, अभिनेत्री भूमि पेडनेकर और खेल जगत के कई दिग्गज भी जरूरी टिप्स देते नजर आएंगे। दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में 10 फरवरी को होने वाली परीक्षा पर चर्चा के लिए छात्र भी बेहद उत्साहित हैं।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी), परीक्षा से जुड़े तनाव को सीखने के उत्सव में बदलने की पहल है। इसके 8वें संस्करण में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई। वर्ष 2018 में परीक्षा पे चर्चा एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन के रूप में विकसित हुआ है, जिसने वर्ष 2025 में अपने 8वें संस्करण के लिए 3.56 करोड़ पंजीकरण प्राप्त किए हैं। ये 7वें संस्करण में 2.26 करोड़ पंजीकरण हुए थे, जो 1.3 करोड़ पंजीकरणों की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है। परीक्षा पे चर्चा न केवल एक लोकप्रिय कार्यक्रम बन गया है, बल्कि यह एक जन आंदोलन में भी बदल गया है। यह पूरे देश में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ गहराई से जुड़ गया है। परीक्षा के तनाव को दूर करने और छात्रों को परीक्षाओं को एक त्योहार ङ्क उत्सव के रूप में देखने के लिए प्रोत्साहित करता है।

परीक्षा पे चर्चा में अधिकतम भागीदारी मानसिक सेहत और समग्र शिक्षा के महत्व के बारे में बढ़ती जागरूकता और स्वीकृति को दर्शाती है। कार्यक्रम का इंटरैक्टिव प्रारूप, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और प्रधान मंत्री के बीच खुला संवाद शामिल है, ने इसकी सफलता में और योगदान दिया है। परीक्षा पे चर्चा को जन आंदोलन के रूप में और मजबूत करने के लिए 12 जनवरी 2025 (राष्ट्रीय युवा दिवस) से 23 जनवरी 2025 (नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती) तक स्कूल स्तर पर कई आकर्षक गतिविधियां आयोजित की गईं। राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित इन गतिविधियों का उद्देश्य छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को परीक्षा पे चर्चा को एक उत्सव के रूप में मनाने में शामिल करना था। कुल 1.42 करोड़ छात्र, 12.81 लाख शिक्षक और 2.94 लाख स्कूलों ने भाग लिया। ये गतिविधियां तनाव को कम करने, ध्यान केंद्रित करने और परीक्षा के दौरान और उसके बाद प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए डिजाइन की गई थीं।

छात्रों को खो-खो और कबड्डी जैसे स्वदेशी खेलों, छोटी दूरी की मैराथन, रचनात्मक मीम प्रतियोगिता, आकर्षक नुक्कड़ नाटक प्रदर्शनों और आकर्षक पोस्टर बनाने सहित विविध प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उन्हें छात्र प्रशंसापत्रों के माध्यम से अपने अनुभव साझा करने, छात्र-नेतृत्व वाली चर्चाओं में भाग लेने और विश्राम और मन की शांति विकसित करने के लिए योग और ध्यान सत्रों में शामिल होने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। स्कूलों ने विद्यार्थियों के लिए नाटकों का आयोजन किया, कार्यशालाएं आयोजित कीं तथा अपने विचार साझा करने के लिए विशेष अतिथियों को आमंत्रित भी किया।

## प्रथम समाधि स्मृति दिवस पर आर्यिकारत्न पूर्णमती माता जी के सान्निध्य में आचार्यश्री के अवदान पर हुई संगोष्ठी

### आलौकिक व्यक्तित्व थे संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज : डॉ. सुनील संचय



**ललितपुर (विश्व परिवार)।** परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के प्रथम समाधि स्मृति दिवस पर परम पूज्य मुनि श्री आदिसागर जी महाराज, परम वंदनीय आर्यिका पूर्णमती माता जी ससंघ के सान्निध्य में ग्वालियर में आयोजित विद्वत्संगोष्ठी में 6 फरवरी 2025 को नगर युवा मनीषी डॉ सुनील संचय ने अचार्यश्री के अवदान पर अपना आलेख प्रस्तुत किया। इस मौके पर आर्यिकारत्न पूर्णमती माता जी ने कहा कि परम पूज्य गुरुदेव के बारे में जितना सुनो, जितना लिखो उतना कम है। वह तो अपने आचरण से बोलते थे। माताजी ने आचार्यश्री से जुड़े अनेक प्रसङ्ग सुनाए जिन्हें सुनकर सभी भाव-विभोर हो उठे।

डॉ सुनील संचय ने आपने आलेख प्रस्तुत करते हुए कहा कि संत शिरोमणि महाकवि आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर जी महाराज अद्वितीय महान संत थे। वे न केवल श्रमण संस्कृति के दैदीप्यमान नक्षत्र थे बल्कि पूरी भारतीय संस्कृति को उन्होंने अपनी साधना के बल गौरवान्वित किया । आचार्यश्री मात्र जैनों के ही नहीं जन-जन की आस्था के केंद्र थे। इनकी प्रेरणा से हजारों गौवंश की रक्षार्थ दयोदय गौशालाएं संचालित हो रही हैं,हिंदी भाषा अभियान,इंडिया नहीं भारत बोलो, हथकरघा स्वावलंबन रोजगार,स्वदेशी शिक्षा,संस्कृत, हिंदी, अंग्रेजी का बेजोड़ साहित्य,हाइकू आदि उनकी श्रेष्ठतम साधना उन्हें संत शिरोमणि कहलाने के लिए काफी है। आचार्यश्री की प्रेरणा से 156 गौशालाएं संचालित हैं। दयोदया एक्सप्रेस का नाम आचार्यश्री की प्रेरणा से ही रखा गया। मूकमाटी का 12 भाषाओं में अनुवाद हो चुका है जो देश के 50 विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में शामिल है। उन्होंने हिंदी और भारत को भारत कहने के लिए राष्ट्रीय क्षितिज पर जो पहल की वह अद्वितीय है जिसको राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी ने भी अपने उद्बोधन में जिक्र किया और बताया कि राष्ट्रपति भवन में यदि इंडिया शब्द की जगह भारत लिखना शुरू हुआ तो वह आ आचार्यश्री की प्रेरणा से ही संभव हुआ है। भारत सरकार जो आत्मनिर्भर भारत की बात कर रही है उसके प्रेरणास्रोत भी आचार्यश्री ही हैं। नई शिक्षा नीति में आचार्यश्री का मार्गदर्शन- नई शिक्षा नीति 2020 का निर्धारण करने वाली समिति के अध्यक्ष डॉ. कस्तूरीरंगन ने आचार्यश्री के निकट जाकर शिक्षा नीति निर्धारण हेतु विशेष मार्गदर्शन प्राप्त किया था। संचालन डॉ. अमित कुमार जैन आकाश, वाराणसी ने किया। संगोष्ठी के समापन सत्र में आयोजन समिति द्वारा सभी स्मृति चिह्न, माला, आचार्यश्री के रजत चरण चिह्न, साहित्य भेंटकर सम्मान किया गया। आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का अवदान विषय पर आयोजित विद्वत् संगोष्ठी में ब्र. विनोद भैया, डॉ. ब्र. धर्मेंद्र भैया जयपुर, डॉ. आशीष आचार्य, डॉ. अमित आकाश वाराणसी, डॉ. नीलम जैन, ब्र. दीपक भैया आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस स्पष्ट करें, चुनाव लड़ रही है या मैदान छोड़ चुकी है -कविंद्र जैन

**धमतरी(विश्व परिवार)।** नगर निगम के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की आक्रामक चुनाव शैली ने कांग्रेस को चारों खानों चित्त कर दिया है। नगर निगम धमतरी महापौर प्रत्याशी जगदीश रामू रोहरा के निर्वाचन अभिकर्ता ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए पूछा है कि कांग्रेस पार्टी यह स्पष्ट करे कि उसने मैदान छोड़ दिया है या वो किसी निर्दलीय प्रत्याशी की बैसाखी पर चुनाव लड़ने जा रही है। कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी का नामांकन पहले ही रद्द हो चुका है। कांग्रेस जिला एवं प्रदेश संगठन से रणनीतिक खामियों के चलते पहले प्रत्याशी चयन में गलती हुई। अयोग्यता के चलते कांग्रेस के घोषित प्रत्याशी का नामांकन निरस्त हुआ, विकल्प होते हुए भी कांग्रेस ने अपनी ही पार्टी के एक अन्य अभ्यर्थी को अधिकृत उम्मीदवार बनाने से इंकार कर दिया। श्री जैन ने कहा कि भाजपा अपने साधारण से साधारण कार्यकर्ता को अपने सिंबॉल के दम पर बड़े से बड़े चुनाव मैदान में उतारने और उसे जीता कर लाने का हौसला रखती है परंतु देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी होते हुए भी कांग्रेस के अंदर इतना आत्म विश्वास नहीं है कि अपने किसी कार्यकर्ता को संगठन के बुते पर चुनाव लड़ा सके। नगर निगम धमतरी के चुनाव में कांग्रेस अभी तक अपनी स्थिति स्पष्ट नहीं कर पाई है। श्री जैन ने कहा कि कांग्रेस जवाब दे कि वो महापौर चुनाव में किसी प्रत्याशी को समर्थन दे रही है या पूरी तरह से मैदान छोड़ चुकी है। भाजपा ने एक तरफ चुनाव को गंभीरता से लेते हुए अपना सबसे मजबूत प्रत्याशी मैदान में उतारा है वहीं कांग्रेस संगठन अपनी लापरवाहियों के चलते मैदान से बाहर है अब तो स्थिति ये है कि सभी 40 वार्डों में कांग्रेस के एक प्रत्याशी का नामांकन पहले ही निरस्त हो चुका है और शेष 39 प्रत्याशियों को कांग्रेस ने केवल सिंबल दिया है और अकेले जूझने के लिए मैदान में छोड़ दिया है। इस बार के चुनाव में यदि भाजपा पूरे 40 वार्डों में जीत के साथ क्लीन स्वीप करने की तैयारी में है। धमतरी नगर निगम में भाजपा ने अब तक बड़े बड़े कीर्तिमान रचे है इस बार बिल्कुल नया कीर्तिमान रचने जा रही है।

### भारत रंग महोत्सव 2025, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा, खैरागढ़ में नाटकों की विविध रेंज लेकर आ रहा है

**खैरागढ़।** राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (ह्रस्ठ) ने 4 फरवरी 2025 को शाम 6:00 बजे खैरागढ़ के डॉ. नरेंद्र देव वर्मा ऑडिटोरियम में अपने प्रमुख भारत रंग महोत्सव (क्क्रू), भारत का अंतरराष्ट्रीय रंगमंच महोत्सव, का उद्घाटन समारोह आयोजित किया। प्रेमपूर्वक 'भरंगम' के नाम से जाना जाने वाला क्क्रू दुनिया का सबसे बड़ा रंगमंच महोत्सव है, जिसने 2024 में 25 वर्षों की सफल यात्रा पूरी की। इस अभिनव पहल के माध्यम से, ह्रस्ठ महोत्सव की पहुँच को बढ़ाने के साथ-साथ पिछले साल के विषय, 'वसुधैव कुटुम्बकम, वन्दे भरंगम' के आधार पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भी अधिक जुड़ाव बढ़ा रहा है।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्री सत्य नारायण राठौर, आईएएस (कुलपति, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़) और सम्मानित अतिथि के रूप में श्री दिनेश खन्ना (पूर्व निदेशक, NSD, BNA) उपस्थित रहे। इस आयोजन की प्रतिष्ठा को विशेष अतिथि प्रोफेसर मृदुला शुक्ला (कला संकाय की डीन, ह्रस्ठ) की उपस्थिति से और भी बढ़ावा मिला। स्वागत भाषण डॉ. योगेन्द्र चौबे (संयोजक, भारत रंग महोत्सव, खैरागढ़) ने दिया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन श्री प्रेम कुमार पटेल (रजिस्ट्रार, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़) ने प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति श्री सत्य नारायण राठौर ने कहा, 6 दिनों तक हम विभिन्न भाषाओं में नाटकों का आनंद लेंगे। नाटक में भाषाओं की बाधा नहीं होती, उसे देखकर ही समझा जा सकता है। उन्होंने सभी दर्शकों को नाटक का आनंद लेने की बात कही। कुलपति श्री सत्य नारायण राठौर ने आगे कहा, यह खुशी की बात है कि राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय का नाटक देखने का अवसर हमें मिल रहा है, यह छात्रों के लिए बेहतर अवसर है, वें इस नाटक से बहुत कुछ सीख सकते हैं और अपने जीवन में बेहतर कर सकते हैं। उन्होंने नाटक को नाटक की तरह देखने की बात कही। आगे कहा कि अपने जीवन को जिस दिन नाटक की तरह देखने में सफल हो गए उस दिन आपका जीवन भी सफल हो जाएगा। उक्त 6 दिवसीय कार्यक्रम के लिए कुलपति श्री सत्य नारायण राठौर ने विश्वविद्यालय सहित एनएसडी की टीम को बधाई दी। एनएसडी के पूर्व निदेशक श्री दिनेश खन्ना ने कहा, मैंने आते ही विश्वविद्यालय भ्रमण किया जहां विभिन्न कलाओं को देखकर मन प्रफुल्लित हो गया। हम सौभाग्यशाली है कि ऐसी जगह यह कार्यक्रम हो रहा है जो कला का तीर्थ की तरह है। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। उद्घाटन समारोह के पश्चात नर-नारी उर्फ थैंक्यू बाबा लोचनदास नाटक की प्रस्तुति दी गई जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

## संवेदनशील केंद्रों पर अधिकारी सजग होकर करवाएं मतदान-कलेक्टर हरिस





**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर हरिस एस ने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि नगरीय क्षेत्र और पंचायत स्तर के संवेदनशील मतदान केंद्रों पर एसडीएम, पुलिस के अधिकारी, कार्यपालिक दंडाधिकारी और सेक्टर अधिकारी सजग होकर मतदान कार्य सम्पन्न करवाएंगे। इसके अलावा निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार संहिता का पालन को सुनिश्चित करवाएं, साथ ही चुनाव प्रचार में उपयोग की जा रही लाउडस्पीकर का निर्धारित डेसीबल लेबल से अधिक होने पर संबंधितों को समझाईश दें और आवश्यकता के अनुरूप कार्यवाही भी सुनिश्चित करें। कलेक्टर हरिस ने मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक में उक्त निर्देश दिए । बैठक में कलेक्टर ने पंचायत निर्वाचन के स्ट्रांग रूम की व्यवस्था को समय पर पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेक्टर आफिसर अपने दायित्व के प्रति सजग रहें और त्रिस्तरीय पंचायत के निर्वाचन में पूरा प्रयास किया जाए कि मतगणना उसी मतदान केंद्र में पूर्ण किया जाए। साथ ही उन्होंने जाबो कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता और नगरीय निकाय में ईवीएम मशीन डेमो को व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

### नक्सलियों ने फिर ग्रामीण को उतारा मौत के घाट

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** सुरक्षाबलों की ओर से की जा रही लगातार कार्रवाई के बाद भी नक्सली अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। छिटपुट घटनाओं को अंजाम देकर दहशत फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। इसी बीत अब नक्सलियों ने एक बार फिर कायराना करतूत को अंजाम दिया है। माओवादियों ने दंतेवाड़ा जिले में एक ग्रामीण की हत्या कर दी। मिली जानकारी के अनुसार पूरा मामला अरनपुर थाना क्षेत्र का है। नक्सलियों ने ककाड़ी गांव के हडमा हेमला की हत्या की है। धारदार हथियार से गला रेत कर उसकी हत्या की गई है। घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। बता दें कि कल ही बीजापुर जिले के बासागुड़ा थाना इलाके में नक्सलियों ने दो ग्रामीणों को मौत के घाट उतार दिया था। मृतकों की पहचान राजू कारम और मुन्ना माडवी के रूप में हुई। नक्सलियों ने दोनों पर पुलिस के लिए मुखबिरी करने का आरोप लगाया था।

## रायपुर में अपना विस्तार करते हुए इंटरनेशनल फैशन में दस्तक दे रहा शॉपर्स स्टॉप



**रायपुर:** भारत का प्रमुख फैशन, ब्यूटी और गिफ्टिंग डेस्टिनेशन, शॉपर्स स्टॉप, रायपुर में अपने दूसरे स्टोर के शुभारंभ साथ अपने ग्राहकों के लिए एक नई शॉपिंग यात्रा की शुरुआत कर रहा है। पंडेरी रोड पर स्थित शॉपर्स स्टॉप का यह स्टोर रायपुर के फैशन प्रेमियों को स्टाइल, एलिगेंस और शॉपिंग के बेहतरीन अनुभव प्रदान करेगा, जिससे वे खरीदारी को लेकर हर बार एक नया एहसास कर सकेंगे।

यह स्टोर 500 से अधिक प्रीमियम ब्रांड्स का क्यूरेटेड कलेक्शन पेश करता है, जिसमें फैशन के नवीनतम ट्रेंड्स, ब्यूटी एसेंशियल्स, घड़ियाँ, बैग्स और गिफ्टिंग ऑप्शन्स शामिल हैं, जो सभी एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं। ग्राहक यहाँ ब्यूटी मेकओवर और पर्सनल शॉपर प्रोग्राम जैसी विशेष सेवाओं का आनंद ले सकते हैं, जो शॉपिंग को सहज और व्यक्तिगत अनुभव बनाती हैं। इसके अलावा, जाने-माने फर्स्ट सिटीजन्स क्लब मेंबरशिप प्रोग्राम में विशेष लाभ दिए जाते हैं, जबकि एक्सक्लूसिव ब्लैक कार्ड मेंबरशिप प्रीमियम विशेषाधिकार, अनोखे इवेंट इनवाइट्स और एक साल की रिटर्न पॉलिसी जैसी सुविधाएँ प्रदान करती है। शहर में स्टोर के विस्तार के बारे में बोलते हुए, श्री कविंद्र मिश्रा, कस्टमर केयर एसोसिएट, मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, शॉपर्स स्टॉप लिमिटेड, ने कहा, मध्य भारत एक गतिशील और तेज़ी से बढ़ता हुआ बाज़ार है, और रायपुर अपने तेजी से विकास, मजबूत अर्थव्यवस्था और आकांक्षी उपभोक्ता आधार के साथ विशेष स्थान रखता है। यहाँ हमारा विस्तार भारत को अच्छा दिखने और आत्मविश्वास महसूस करने के लिए प्रेरित करने के हमारे संकल्प को फिर से साबित करता है, साथ ही विश्वस्तरीय शॉपिंग अनुभव प्रदान करने की दिशा में हमारे प्रयासों को साकार करता है। हम रायपुर के फैशन-प्रेमी ग्राहकों के साथ अपने संबंध को और भी बेहतर बनाने को लेकर बेहद उत्साहित हैं और उन्हें शॉपर्स स्टॉप का सर्वश्रेष्ठ अनुभव प्रदान करने के लिए तत्पर हैं।

## कलेक्टर ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल का किया आकस्मिक निरीक्षण



**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जिला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान स्कूल में साफ-सफाई सही नहीं पाये जाने तथा वहां की अव्यवस्थाओं को देखकर प्राचार्य दीपक बौद्ध को जमकर फटकार लगाई। कलेक्टर ने कहा कि स्कूल परिसर को व्यवस्थित एवं साफ-सफाई कराएं। इसके अलावा उन्होंने रसोई कक्ष एवं सामग्री कक्ष का अवलोकन किया। साथ ही विद्यार्थियों के लिए बनाएं जा रहे मध्यान्ह भोजन की जानकारी ली। कलेक्टर ने रसोई कक्ष को साफ-सफाई करने, सामग्रियों को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिये। साथ ही बच्चों को दिये जाने वाले मध्यान्ह भोजन निर्धारित डाइट के अनुसार गुणवत्तापूर्ण देने के निर्देश दिये।

### आन्या तिवारी ने एक आउटसाइडर के रूप में अपनी चुनौतियाँ बताईं और 'सरकारी बच्चा' में बृजेंद्र काला के साथ काम करने का अनुभव साझा किया

**रायपुर:** छत्तीसगढ़ के छोटे शहर से निकलकर बॉलीवुड में अपनी पहचान बनाने वाली, अभिनेत्री आन्या तिवारी अब फ्लाइंग बर्ड्स पिक्चर्स की फिल्म 'सरकारी बच्चा' में फीमेल लीड की भूमिका में दिखेंगी। इससे पहले आन्या 'मिशन चैप्टर 1' में नज़र आ चुकी हैं। इस फिल्म में उनके साथ लीड को-एक्टर रुसलान मुमताज़, बृजेंद्र काला, हेमंत चौधरी और गुरप्रीत कौर चड्ढा भी नज़र आएंगे। यह फिल्म 28 फरवरी 2025 को रिलीज़ होने वाली है। फिल्म के निर्देशक सूर्यकांत त्यागी और निर्माता दानिश सिद्दीकी हैं। आन्या ने एक आउटसाइडर के रूप में अपनी यात्रा और फिल्म में निभाए जाने वाले अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कहा, इस फिल्म के लिए ऑडिशन काफी लंबे समय तक चले, क्योंकि वे एक ऐसी लड़की की तलाश में थे जो मासूमियत से भरी हो, चुलबुली हो और जिसमें जीवन से भरपूर देसी टच हो। जब मैंने इस किरदार के बारे में सुना, तो मुझे इससे गहरा जुड़ाव महसूस हुआ।

## जिले में दिनरात हो रही अवैध रेट घाटों का संचालन, प्रशासन के सारे दावे फेल



**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** जिले की पैरी नदी में दिन रात अवैध रेत उत्खनन की घटनाएं देखने को मिल रही हैं, जिसमें प्रशासन की मिलीभगत के आरोप भी लग रहे हैं वंही सरकार को लाखो के राजस्व का भी नुकसान हो रहा हैं. इन ओवर लोड हाइवा के कारण सडके खराब हो रही शो अलग। राज्य में अभी निकाय व पंचायत को लेकर आदर्श आचार सहिता लागु हैं फिर भी रेट चोरो के हौसले बुलंद हैं। लोगो ने बताया कि रेट चोरी में स्थानीय जन प्रतिनिधियों के रिस्तेदार शामिल हैं जो उँची पहुंच के चलते सरकार कि अफसरों पर दवाब बना कर बेधड़क इस अवैध कार्य पर लगे हुए हैं.

जिसके चलते आम लोगो में सरकार को लेकर गलत संदेश जा रहा हैं। जिले में एक भी वैध घाट संचालित नहीं हैं और न हि सरकार या प्रशासन द्वारा घाटों के संचालन के लिए कोई योजना बनाई जा रही हैं। जिसके चलते रेट कि चोरी दिन रात जारी हैं।

गरियाबंद जिला मुख्यालय के करीब ही धमतरी जिले के बार्डर से लेकर ग्राम पंचायत मुहेरा, तर्रा, कुरुसकेरा, छिंदौला और चौबेबांधा खदानों से भी रेत का अवैध परिवहन जारी है, जहां से प्रतिदिन लगभग 200 ट्रकों में रेत रायपुर, दुर्ग, महासमुंद और अन्य जिलों में भेजी जा रही है। उल्लेखनीय हैं कि अक्टूबर 2024 में, परसदा जोशी खदान में लीज अवधि समाप्त होने के बाद भी 80,000 घन मीटर रेत का अवैध खनन किया गया, जिसके परिणामस्वरूप ठेकेदार और पंचायत प्रतिनिधियों पर 4 करोड़ 25 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया था । यह घटनाये बताती है कि अवैध रेत खनन पर प्रशासनिक नियंत्रण में कमी है, और संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत के आरोप भी सामने आते रहते हैं । इससे न केवल पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, बल्कि सरकारी राजस्व की भी हानि हो रही है। सड़को कि स्थिति भी खराब हो रही हैं।

## एमजी सेवा कर रही है सामाजिक बदलाव लाने के लिए काम, पिछले साल 70,000 महिलाओं और लड़कियों के साथ कुल 1.2 लाख लाभार्थियों को बनाया सशक्त



**रायपुर:** भारत के ऑटो उद्योग का एक प्रमुख नाम, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने अपनी प्रमुख पहल, 'एमजी सेवा' के माध्यम से सामाजिक बदलाव लाने का काम कर रह है. कंपनी की पहली कार के बाजार में आने से पहले पेश की गई एमजी सेवा सामाजिक कल्याण का एक प्रतीक है जो पारंपरिक सीमाओं से परे है। मूलरूप से, एमजी सेवा बालिका शिक्षा और महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देने के साथ शिक्षा और स्वच्छता तक पहुंच को सुविधाजनक बनाने पर केंद्रित है। अकेले 2024 में, इस पहल ने 1.2 लाख से ज्यादा लाभार्थियों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है, जिनमें 70,000 से ज्यादा महिलाएं हैं। एडवांस्ड लर्निंग के अवसरों तक पहुंच को सक्षम बनाकर, प्रारंभिक साक्षरता को बढ़ावा देकर और माताओं की शिक्षा का समर्थन करके, एमजी सेवा आकांक्षाओं का पोषण करती है और युवा महिलाओं और उनके परिवारों की क्षमता को उजागर करती है। कार्यक्रम का समग्र विकास दृष्टिकोण शिक्षा से परे, व्यक्तिगत विकास, सामुदायिक स्वास्थ्य और समावेशिता के महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान देता है। केंद्रित हस्तक्षेप अद्वितीय जरूरतों वाले बच्चों के लिए समावेशी अवसर पैदा करते हैं, उन्हं अपनी शैक्षिक यात्राओं और उससे आगे बढ़ने और सफल होने के लिए सशक्त बनाते हैं। जो बात एमजी सेवा को अलग बनाती है, वो है इसकी उत्तपत्ति और दर्शन। कई कॉरपोरेट पहलों के विपरीत, एमजी सेवा एक अनिवार्य सीएसआर टीम या दायित्वों के बिना, पूरी तरह से एक मिशन संचालित प्रयास के रूप में स्थापित किया गया था। यह दृष्टिकोण जेएसडब्लयू एमजी मोटर इंडिया के इस विश्वास को दर्शाता है कि व्यवसाय प्रभावशाली सामाजिक परिवर्तन में स्वेच्छा से योगदान दे सकते हैं। वॉश (जल, स्वच्छता और साफ-सफाई) जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से, एमजी सेवा ने उस क्षेत्रों में मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा देकर 16,730 से ज्यादा महिलाओं और लड़कियों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है, यह ऐसा क्षेत्र है जहां अभी भी कई चुनौतियां मौजूद हैं। ओडिशा के ग्रामीण इलाकों में, एमजी सेवा के शैक्षिक कार्यक्रम 100 से ज्यादा सरकारी स्कूलों में आदिवासी समुदायों के लिए उनकी मूल भाषाओं में नए तरीकों का उपयोग करके गणित को आसान बना रहे हैं। ये चल रही पहल 80,000 से ज्यादा बच्चों तक पहुंच गई है, जो उन्हें शैक्षिक बाधाओं को दूर करने में सशक्त बना रही है।

एमजी सेवा की यात्रा जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के कर्मचारियों के समर्पण से प्रेरित है, जो लाभार्थियों को सलाह और मार्गदर्शन करने के लिए अपने काम के घंटों के अलावा अतिरिक्त समय खर्च करते हैं। वे व्यक्तिगत रूप से बच्चों और महिलाओं के साथ जुड़ते हैं, हर किसी से बातचीत करते हैं, सलाह देते हैं और यहां तक कि कार्यक्रम को लगातार चालू रखने के लिए क्राउड फंडिंग भी करते हैं। यह व्यावहारिक दृष्टिकोण एक गहरा, व्यक्तिगत और स्थायी प्रभाव सुनिश्चित करता है, जो एमजी सेवा को सबसे अलग बनाता है। इसके अलावा, एमजी के डीलर पार्टनर डीलरशिप संचालन से अलग अपने समर्थन के जरिये इस मिशन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वे फंडिंग, कार्यक्रम में भागीदारी और वंचित समुदायों की सीधी देखभाल के माध्यम से सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। कर्मचारी और डीलर पार्टनर मिलकर एमजी सेवा के मूल दर्शन के अनुरूप सार्थक सामाजिक बदलाव की संस्कृति को बढ़ावा दे रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वच्छ वातावरण और सुशासन के साथ होगा शहीद राजीव पांडेय वार्ड क्र. 62 का विकास : देवेंद्र यादव



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में नगरी निकाय चुनाव को लेकर लगातार प्रत्याशियों द्वारा कैंपेनिंग किया जा रहा है। बता दे की कांग्रेस ने शहीद राजीव पांडेय वार्ड क्रमांक 62 से अपना उम्मीदवार बनाया है। ज्ञात हो की वह पूर्व में भी वार्ड का नेतृत्व कर चुके है। उनके पार्षदईय कार्यकाल में विकास के कार्यो में तेड़ी आई। वार्ड में वह जनता से रूबरू हो रहे हैं। चर्चा करते वक्त उन्होंने बताया की वार्ड की जनता को मूलभूत सुविधाओं से शशक्त बनाना उन्हकी पहली प्राथमिकता है। कांग्रेस के द्वारा जारी किए गए घोषणा पात्र को उन्होंने जनहितेषी बताया। जनता से अनुरोध करते हुए की वार्ड के चहुमुखी विकास के लिए उन्हें चुने और मूलभूत सुविधाओं को शशक्त बनाने साथ आए।

### डूंडा बस्ती कमल विहार में मिला उमा चंद्रहास निर्मलकर को अपार समर्थन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड क्रमांक 54 के कांग्रेस प्रत्याशी का सघन दौरा डूंडा बस्ती एवं कमल विहार में रहा वार्ड की लोक प्रिय मृदु भाषी प्रत्याशी उमा चंद्रहास निर्मलकर को वार्ड वासियों ने फूल मालाओं से स्वागत किया एवं अपना पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया पूर्व पार्षद ने डूंडा बस्ती में काफी विकास कार्य किए है जिसकी वजह से वार्ड वासी एक वार पुन: अवसर देने का मन बना रखा हैं।

### वार्ड में महिलाओं की सुरक्षा पुख्ता, लगेंगे सीसीटीवी कैमरा : कृतिका जैन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** बीजेपी द्वारा महिला शाशकितीकरण को बढ़ाना देने के लिए नगरी निकाय में महिलाओ को भी अपना उम्मीदवार बनाया है। ज्ञात हो की भाजपा की वरिष्ठ नेत्री कृतिका जैन को वार्ड क्रमांक 28 शहीद हेमू कालाणी से अपना उम्मीदवार बनाया है। प्रत्याशी द्वारा वार्ड में जनसम्पर्क कर जनता से जनसमर्थन मांग रही है। छत्तीसगढ़ में नगरी निकाय चुनाव का बिगुल बज चुका है। मीडिया से चर्चा करते वक्त उन्होंने कहा की महिलाओ की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाए जाएयेंगे ताकी सुरक्षा चौकस हो सके। साथ ही उन्होंने आगे कहा की वार्डवासियों को मूलभूत सुविधाओं को शशक्त करने का काम किया जाएगा। जनता से अनुरोध करते हुए कहा की वार्ड में उत्तम विकास के लिए मौके दे और चहुमुखी विकास में सहभागिता निभाए।

## संदीप साहू को शुभचिंतकों, पार्टी कार्यकर्ताओं का भरपूर सहयोग मिल रहा है



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राजधानी रायपुर के वीर सावरकर नगर वार्ड क्रमांक 01 के कांग्रेस प्रत्याशी संदीप साहू धुंआधार प्रचार कर जन समर्थन मांगने अटारी पहुंचे जहां कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों का भरपूर सहयोग मिला अटारी की जनता ने इस वार कांग्रेस प्रत्याशी को नगर निगम भेजने का मन बना रखा है क्योंकि संदीप साहू हर समय उपलब्ध रहने वाले प्रत्याशी है।

## वार्ड में होगा हर वर्ग का सर्वांगिण विकास : बद्री प्रसाद गुप्ता बीजेपी प्रत्याशी



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ में भाजपा ने 70 वार्ड में अपने प्रत्याशी उतार कर घोषणा पत्र जारी कर दिया है। साथ ही बीजेपी ने जनता से सामने अपना अटल विश्वास पत्र भी जारी कर दिया है। वार्ड क्रमांक 62 से बीजेपी ने बद्री प्रसाद गुप्ता पर अपना भरोसा जताया है। उन्होंने पूर्व पार्षद पर भी कटाक्ष करते हुए कहा की विकास की गति वार्ड में पूर्व पार्षद की वजह से धीमी हो गई, जिसे वह तेजी से आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। ज्ञात हो की रैली में महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। साथ ही वार्ड की जनता से चर्चा करते वक्त उन्होंने विकास की गति तेज करने विकास अग्रवाल को समर्थन देने की बात कही।

वार्डवासियों से रूबरू होकर प्रत्याशी जनसमर्थन मांग रहे है। उन्होंने आगे चर्चा करते हुई कहा की प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ वार्ड की प्रत्येक लाभार्थी को मिलेगा। स्वच्छ वातावरण में वार्ड का विकास होगा और सुशासन भी कायम रहेगा। राज्य सरकार की योजनाओ का व्याख्यान करते हुए कहा की महिलाओ को महतारी वंदन योजना का लाभ वार्ड की प्रत्येक जनता को मिलेगा।

## राजा तालाब में कामरान अंसारी की विशाल रैली



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर । राजधानी रायपुर के पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड क्रमांक 34 से पार्षद पद प्रत्याशी कॉमरान अंसारी (बी. ई एल. एल. बी.) की राजा तालाब क्षेत्र में विशाल रैली निकाली गई। जिसमें महिलाओं की आपार भीड़ के साथ जनसंपर्क किया गया एवं वार्ड वासियों से आशीर्वाद मांगा गया। शिक्षित एवं मृदुभाषी प्रत्याशी कामरान अंसारी रायपुर नगर निगम में पूर्व पार्षद रह चुके है जिन्हे विकास कार्य कराने का काफी अनुभव है। पूर्व में विकायों का हवाला देते हुए उन्होने राजा तालाब वासियों से आशीर्वाद एवं अपने पक्ष में मतदान करने की अपील के साथ समर्थन मांगा।

## कांग्रेस के युवा प्रत्याशी जी श्रीनिवास को मिल रहा अपार जनसमर्थन, कहा - वार्ड में उद्यानों का सौन्दर्यकरण

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में नगरी निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियों ने अपनी कमर कस ली है। प्रमुख राजनीतिक पार्टी के द्वारा अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतार दिया है। वार्ड क्रमांक 28 शहीद हेमू कालाणी से कांग्रेस ने युवा प्रत्याशी जी श्रीनिवास को अपना उम्मीदवार बनाया है। मीडिया से चर्चा करते उन्होंने कहा की वार्ड में उद्यानों का सौन्दर्यकरण किया जाएगा। साथ ही वार्ड में वार्डवासियों की सुरक्षा को पुख्ता कर सुनिश्चित करेंगे। साथ ही लोगों से मुलाकात कर भरोसा दिलारहे है कि पार्षद बनने के बाद वह वार्ड के विकास की गति को तीव्र कर देंगे और जनता को हर मूलभूत सुविधाएं मिलेंगी जो मिलती है। आगे कहा की जनता एक नया स्वरूप विकास का देखेगी। कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में इनकी गिनती होती है। जनता से अनुरोध करते हुए कहा की अपने मत का उपयोग कर मतदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले।

## वार्ड क्रमांक 38 से कांग्रेस प्रत्याशी विकास अग्रवाल को मिल रहा जनता का भरपूर आशीर्वाद और प्यार



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में नगरी निकाय चुनाव को लेकर मैदान में प्रत्याशी उतार चुके हैं। ज्ञात होगी दोनों ही प्रमुख पार्टियों ने अपने प्रत्याशी उतार दिए हैं । जिसमे कांग्रेस ने वरिष्ठ कार्यकर्ता और नेता विकास अग्रवाल को वार्ड क्रमांक 38 स्वामी आत्मानंद वार्ड से अपना दावेदार बनाया है। ज्ञात हो की विकास अग्रवाल ने जनता से अनुरोध कर कहा की मतदान के दिन बढ़ - चढ़कर हिस्सा ले, और मोके देकर वार्ड की विकास गति को तेज करे। मीडिया से चर्चा करते वक्त उन्होंने कहा की बहुत ईमानदारी के साथ वह पार्टी और जनता के लिय कार्य करते आ रहे है। वार्ड में रोड, नाली इत्यादि मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। ज्ञात हो की 11 तारीख को मतदान होना है। विकास अग्रवाल की रैली में महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। साथ ही वार्ड की जनता से चर्चा करते वक्त उन्होंने विकास की गति तेज करने विकास अग्रवाल को समर्थन देने की बात कही।

## निर्दलीय प्रत्याशी बंटी होरा का तूफानी दौरा जारी, मिल रहा जनता का अपार समर्थन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राजधानी रायपुर में प्रत्याशियों ने नगरी निकाय चुनाव को जीतने के लिए अपनी ताकत झोंक दी है। नगरी निकाय चुनाव को लेकर जहा प्रमुख पार्टियों ने अपनी ताकत झोक दी है, वही मैदान में उतरे निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी जनसम्पर्क शुरू कर दिया है। ज्ञात हो की निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरे बंटी होरा भी वार्ड क्रमांक 28 शहीद हेमू कालाणी में डोर टू डोर कैम्पेनिंग कर रहे है। ज्ञात हो की निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरे बंटी होरा पूर्व पार्षद कांग्रेस से रहे है। लेकिन इस बार कांग्रेस की तरफ से मौका न मिलने से उन्होंने निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरने का फैसला किया। ज्ञात हो की रैली में बढ़-चढ़कर वार्डवासी हिस्सा ले रही है। निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों द्वारा दोनों ही पार्टियों का समीकरण बिगाड़ सकती हैं। छत्तीसगढ़ में नगरी निकाय चुनाव का बिगुल बज चुका है। बताते चले की बंटी होरा का चुनावी चिन्ह बल्ला है। जनता से अनुरोध करते हुई उन्होंने कहा की वार्ड में उनके विकास कार्यो को ध्यान में रख कर अपने मत का उपयोग करे और पुन: उन्हें मौका देकर सेवा करने का अवसर दे।

## रायपुर में पहली बार नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर डॉ. अभिमन्यु आयुर्वेद मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल में



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कमल विहार रायपुर में स्थित डॉ. अभिमन्यु आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में 8 व 9 फरवरी को निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है इस अवसर पर वरिष्ठ चिक्तिसकों डॉ. अभिमन्यु साहू, डॉ. अविनाश बैस, डॉ. एम.फैजन खान, डॉ. दामनी साहू, डॉ. गौरव देवांगन, डॉ. पारूल तिवारी, डॉ. आस्था द्वारा जोडों का दर्द , पाइल्स (फिशर/फिस्टुला), बाँझपन, नसों का दर्द, अस्थमा, स्त्रीरोग, लकवा, आँख से संबंधित, लिवर संबंधित, गठिया वात, थायराइड, चर्म रोग आदि का निःशुल्क परामर्श दिया जायेगा, इसके अलावा यहाॅ निःशुल्क फ्री BMD (हड्डी जांच)/ URIC ACID जाँच/ ब्लड प्रशर/ ब्लड शुगर की जाँच भी होगी व सभी प्रकार के खुन की जाँच में 50 प्रतिशत तक का डिस्काऊंट भी दिया जा रहा है।

## चेम्बर अध्यक्ष अमर परवानी ने दीपक बैज को उद्योग एवं व्यापार हित से सम्बंधित दिए महत्वपूर्ण सुझाव



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष श्री दीपक बैज जी, पूर्व सभापति नगर निगम रायपुर श्री प्रमोद दुबे जी एवं महापौर प्रत्याशी श्रीमती दीप्ती दुबे जी का चेंबर में आगमन हुआ। चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर परवानी जी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधी मंडल ने व्यापारिक संगठन, चेंबर इकाईयों द्वारा प्राप्त उद्योग एवं व्यापार हित से सम्बंधित महत्वपूर्ण सुझाव के ज्ञापन सौंपे।

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन,कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज दिनांक 6 फरवरी 2025 को छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष श्री दीपक बैज जी, पूर्व सभापति नगर निगम रायपुर श्री प्रमोद दुबे जी एवं महापौर प्रत्याशी श्रीमती दीप्ती दुबे जी को उद्योग एवं व्यापार हित से सम्बंधित महत्वपूर्ण सुझाव का ज्ञापन सौंपे। श्री पारवानी ने बताया कि चेंबर प्रतिनिधि मंडल सहित व्यापारिक संगठन, चेंबर इकाईयों ने उद्योग एवं व्यापार जगत के हित से संबंधित सुझाव दिए थे जिसका ज्ञापन छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष श्री दीपक बैज जी को सौंपा गया जो निम्नानुसार है- प्रदेश के पारंपरिक बाजारों को पुन: जीवित करने उनके जीर्णोद्धार करने. नवीन फुटकर बाजारों का निर्माण. यूज़र चार्ज का युक्तियुक्त करण करने. चेम्बर के प्रदेश कार्यालय के लिये रियायती दर पर भूमि उपलब्ध कराने हेतु. प्रदेश के समस्त जिलों में ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना. सरकार के पास उपलब्ध स्थानों का उचित प्रयोग. अमर पारवानी ने श्री दीपक बैज जी से निवेदन किया कि व्यापार एवं उद्योग के हित में उपरोक्त सुझावों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करके आवश्यक कदम उठाए जाएं। श्री दीपक बैज जी, ने अपने उद्बोधन में कहा कि चेंबर हमेशा सकारात्मक सुझाव लेकर आता रहा है एवं सहयोगात्मक रूप से प्रदेश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। श्री बैज जी ने प्राप्त सुझावों पर उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

## एफआईआर पैसा लेकर हुई तो थानेदार पर होगी कार्रवाई : डीजीपी अरुण देव गौतम



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ पुलिस के नए मुखिया 1992 बैच के आईपीएस अरुण देव गौतम ने बुधवार को डीजीपी पद की जिम्मेदारी संभाल ली है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि थानों में पोस्टिंग के लिए किसी तरह की सिफारिश नहीं चलेगी। काम के आधार पर एसपी उनकी पोस्टिंग करेंगे।

अगर किसी थाने में एफआईआर करने के लिए पैसा लिया और इसकी शिकायत मिलेगी, तो इसमें सबसे पहली जिम्मेदारी थानेदार की तय की जाएगी। उनके ऊपर सीधे कार्रवाई होगी। उसके बाद जांच की जाएगी। पुलिसिंग में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करेंगे। डीजीपी देव ने यह बातें दैनिक भास्कर के प्रमोद साहू विशेष बातचीत में कहीं। उन्होंने पुलिस की कार्यशैली समेत तमाम मद्दों से जुड़े सवालों के जवाब दिए। यहां बातचीत के प्रमुख अंशज

आपकी क्या प्राथमिकताएं रहेंगी ?

डीजीपी : हर पुलिस वाले की प्राथमिकताएं तय हैं। परित्राणाय साधुनाम ही पुलिसिंग का मूल मंत्र है। इसी के अनुसार काम होगा।

राज्य के अधिकांश थानों को लेकर शिकायतें आती रहती हैं ?

थाने में आने वाली हर शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा। पैसे लेकर एफआईआर की कहीं से भी शिकायतें आती हैं तो थानेदार की पहली जिम्मेदारी तय की जाएगी। उसके ऊपर कार्रवाई होगी। उसके बाद जांच होगी। परित्राणाय साधुनाम की तर्ज पर ही काम होगा। पुलिसिंग में भ्रष्टाचार की कोई जगह नहीं है।

थानों में पोस्टिंग के लिए हर कोई सिफारिश लगा रहा है, क्या कहेंगे ?

जिले के एसपी काम के आधार पर पोस्टिंग करते हैं। आगे भी काम और अनुभव के आधार पर ही पोस्टिंग की जाएगी।

विपक्ष कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल उठा रहा है, कैसे काम करेंगे ?

कानून-व्यवस्था बुनियादी स्थिति है। इसे बने रहना चाहिए। इसलिए बेसिक पुलिसिंग पर जोर दिया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी सिर्फ पुलिस की नहीं है। हर नागरिक की यह जिम्मेदारी है।

पुलिस कर्मियों की साप्ताहिक छुट्टी को कैसे अमल में लाएंगे ?

इस पर पहले भी काम किया गया है। प्रयास करेंगे कि कर्मचारियों की साप्ताहिक छुट्टी शुरू हो सके।

2026 तक नक्सलमुक्त प्रदेश का लक्ष्य है, रणनीति रहेगी ?

नक्सलवाद से मुक्त छत्तीसगढ़ की रणनीति पहले से तय है। उसी को आगे बढ़ाया जाएगा। केंद्र और राज्य सरकार इस दिशा में काम कर रही है। नक्सलवाद की जमीन सिमट रही है। लोग नक्सलियों को अच्छी तरह से समझ चुके है।

## सांसद बृजमोहन अग्रवाल की भाभी श्रीमती पुष्पा देवी अग्रवाल का निधन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल की बड़ी भाभी और वरिष्ठ समाजसेवी एवं चैंबर ऑफ कॉमर्स, रायपुर के पूर्व अध्यक्ष श्री पूरण लाल अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा देवी अग्रवाल का गुरुवार को निधन हो गया।

स्वर्गीय श्रीमती पुष्पा देवी अग्रवाल एक अत्यंत धार्मिक, सरल, एवं परोपकारी व्यक्तित्व की धनी थीं। उनके निधन से परिवार, समाज एवं व्यवसायिक जगत में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशान घाट पर विधि-विधान से संपन्न हुआ उनके बेटों ने उन्हें मुखाग्नि दी।

सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने अपने शोक संदेश में कहा कि श्रीमती पुष्पा देवी अग्रवाल जी का स्नेहिल आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन हमेशा परिवार के लिए प्रेरणास्त्रोत रहा। उनका स्नेह और सरलता सदा याद आएगी। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

इस दुखद समाचार के पश्चात मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, मंत्री श्री राम विचार नेताम समेत विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों के गणमान्य व्यक्तियों ने श्रीमती पुष्पा देवी अग्रवाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है और ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति की कामना की।

## केंद्र, राज्य और निगम में भाजपा की सत्ता से बहेगी विकास की त्रिवेणी : मीनल चौबे

**भाजपा की महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे की जनसंपर्क रैली में उमड़ रही भीड़**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय जनता पार्टी की महापौर प्रत्याशी मिनल चौबे ने गुरुवार अपने चुनाव प्रचार की शुरूआत रायपुर उत्तर विधानसभा अंतर्गत कालीमाता वॉर्ड शक्तिनगर से की। वे लगातार चुनाव प्रचार करने विभिन्न वार्डों का दौरा कर रही हैं इस दौरान उनके साथ प्रत्येक वॉर्ड के पार्षद प्रत्याशी भी जनता से लगातार आशीर्वाद मांग रहे हैं नगर निगम चुनाव में भाजपा महापौर प्रत्याशी सहित सभी पार्षद प्रत्याशियों को जनता का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है भाजपा की योजनाओं को लेकर भाजपा कार्यकर्ता भी लगातार जनता के बीच पहुंचकर जनता से समर्थन जुटा रहे हैं, आज उत्तर विधानसभा में रैली के दौरान उनके साथ विधायक पुरंदर मिश्रा ने भी प्रत्याशी मीनल चौबे के लिए जनता से मतदान की अपील की।

भाजपा प्रत्याशी मीनल चौबे ने आज अपने चुनाव प्रचार के दौरान कई स्थानों पर जनता से संवाद भी स्थापित किया उन्होंने कहा कि आप सभी से मिल रहे स्नेह और आशीर्वाद ही मेरे ऊर्जा का स्त्रोत है। समय कम होने के कारण दुगना परिश्रम है परन्तु जनता से मिल रहे अपार स्नेह और वरिष्ठ जनों से मिल रहे आशीर्वाद से अलग ही ऊर्जा प्राप्त होती है।


कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.



ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाएँ
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
www.onlytds.com
सम्पर्क - शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544



प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354